● जयपुर, रविवार, 25 अगस्त 24 ● वर्ष 14 ● अंक 10 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 झुंझुनूं विधानसभा में देश को तोड़ने वाली कांग्रेस पार्टी या राष्ट्र को मजबूती प्रदान...

पेज @4 उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्वीकृत की विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में...

पेज @8 कल मनाया जाएगा जन्माष्टमी पर्व, सज चुका है बाजार...

# सैनिकों की बहादुरी और वीरांगनाओं का त्याग हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे जांबाज सैनिक देश के असली हीरो हैं। वे हमारी मातृभूमि के प्रहरी हैं। इन वीरों के अदम्य साहस और हौसलों के कारण ही 140 करोड़ देशवासी निश्चित होकर रह रहे हैं। हमारे जवान प्रत्येक भारतवासी का स्वाभिमान है। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान वह धरा है, जहां मां अपने एक बेटे के शहीद होने पर दूसरे बेटे को भी सेना में भेजने का जज्बा दिखाती है। उन्होंने कहा कि इन सपूतों को जन्म देने वाली मां और उनके परिजन देश की रक्षा के लिए बड़े से बड़ा बलिदान देना अपना गौरव मानते हैं। भारत माता के गौरव को ऊंचा रखने में हमेशा सैनिकों के साथ वीरांगनाओं ने भी त्याग की मिसाल कायम की है। सैनिकों की बहादुरी और वीरांगनाओं के त्याग की कहानियां हमेशा प्रेरणा का स्त्रोत रही हैं।





### ● पूर्व सैनिकों तथा आश्रितों की समस्याओं का मौके पर ही हो रहा समाधान

» मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों की दिन-प्रतिदिन की समस्याओं के निराकरण के लिए शिविरों का आयोजन कर मौके पर ही समस्याओं का समाधान करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों एवं आश्रितों की पेंशन विसंगतियों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर कैंप आयोजित कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के बैंड द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुति से वहां उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम हो गई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधायक बालमुकुंदाचार्य, जनरल ऑफिसर कमांडिंग 61 सब एरिया मेजर जनरल राय सिंह गोदारा, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, जयपुर हैरिटेज नगर निगम महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर, जयपुर ग्रेटर नगर निगम आयुक्त श्रीमती रुक्मणी रियार, जयपुर हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा सहित सैनिक, वीरांगनाएं, शहीदों के परिजन तथा गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### ● कारगिल के विकट युद्ध में हमारे जवानों ने दुश्मन को किया परास्त

शर्मा ने कहा कि कारगिल का युद्ध बड़ा विकट था। दुश्मन पहाड़ की चोटी से गोलियां बरसाता रहा और हमारे सैनिक कारगिल की चोटियों पर बैठे दुश्मन को परास्त करने के लिए आगे बढ़ते गए। हमारे जवानों ने बर्फीले एवं दुर्गम पहाड़ों पर ऑक्सीजन की कमी जैसी मुश्किल परिस्थितियों में भी अपने फौलादी हौसलों से दुश्मन को खाक में मिला दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। आजादी के बाद दशकों से अटकी वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने नेशनल वार मेमोरियल बनवाया जो वीरों की गाथाओं से देश को प्रेरित कर रहा है।

### ● प्रदेश सरकार ने भी उठाए सैनिक कल्याण के लिए कदम

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर प्रदेश सरकार भी सैनिकों और उनकी वीरांगनाओं के कल्याण के लिए कई कदम उठा रही है। दूसरे विश्वयुद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों और उनकी वीरांगनाओं की मासिक पेंशन राशि 10 हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण विभाग के समस्त कार्यों के ओटोमेशन के लिए वेब-पोर्टल शुरू किया है। इसके माध्यम से राज्य सरकार की समस्त सुविधाओं एवं योजनाओं का सीधा लाभ सैनिक परिवारों को मिल सकेगा तथा उनकी समस्याओं का भी शीघ्र निस्तारण संभव हो सकेगा। सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण की सभी सुविधाएं एक स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए जयपुर में 20 करोड़ की लागत से सैनिक कल्याण भवन बनेगा। इसके लिए भूमि का आवंटन किया जा चुका है।

शर्मा शनिवार को एक निजी चैनल के कार्यक्रम 'है नमन उनको, ए ट्रिब्यूट टू रियल हीरोज' को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शहीदों की वीरांगनाओं और परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सैनिकों और वीरांगनाओं के प्रति हमारे दिलों में जो सम्मान और आदर है, उसकी एक सच्ची अभिव्यक्ति है। उनके प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की भूमि है यहां की माताओं ने अपने बेटों को और वीरांगनाओं ने अपने सुहाग को देश को समर्पित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाएं और सैनिकों के परिवारों को सहयोग प्रदान करें। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम समाज में उनकी उपस्थिति को महसूस करें और उनके लिए एक ऐसा वातावरण तैयार करें जिसमें वे अपने कर्तव्यों को पूरा करने में सच्चा संतोष और गर्व महसूस कर सकें।

**न्यूज़ अपडेट**

## अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की एक और उपलब्धि, लॉन्च किया अपना पहला रियूजेबल हाइब्रिड रॉकेट 'रुहमी- 1



**चेन्नई/एजेंसी।** भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। शनिवार को चेन्नई के थिरुविदंधई से भारत ने अपना पहला रियूजेबल हाइब्रिड रॉकेट 'रुहमी-1' को लॉन्च कर दिया। हाइब्रिड रॉकेट को तमिलनाडु स्थित स्टार्ट-अप स्पेस जोन इंडिया ने मार्टिन ग्रुप के साथ मिलकर डेवलप किया है। रॉकेट को मोबाइल लॉन्चर का इस्तेमाल करके सबऑर्बिटल प्रक्षेप पथ में लॉन्च किया गया। यह 3 क्यूब सैटेलाइट और 50 पीको सैटेलाइट लेकर जा रहा है। यह सैटेलाइट ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन पर शोध उद्देश्यों के लिए डेटा एकत्र करेगी। रुहीम रॉकेट एक सामान्य ईंधन आधारित हाइब्रिड मोटर और विद्युत रूप से ट्रिगर किए गए पैराशूट डिप्लॉयर से लैस है, रुहीम 100 फीसदी पायरोटेक्निक-मुक्त और 0 फीसदी टीएनटी है। मिशन रुहमी का नेतृत्व स्पेस जोन के संस्थापक आनंद मेगालिंगम द्वारा किया जा रहा है, जो इसरो सैटेलाइट सेंटर के पूर्व निदेशक डॉ. माइलस्वामी अन्नादुरई के मार्गदर्शन में है। रॉकेट दक्षता में सुधार और परिचालन लागत को कम करने के लिए तरल और ठोस ईंधन प्रणोदक प्रणालियों दोनों के लाभों को जोड़ता है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पर दागे 10 सवाल

# कांग्रेस जम्मू कश्मीर को फिर से अशांति और अराजकता की ओर धकेलकर दलितों के आरक्षण को चाहती है छीनना:- भजनलाल शर्मा





चमकता राजस्थान

**जयपुर, 24 अगस्त 2024।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी और नेशनल कॉफ्रेंस के गठबंधन पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस को घेरा। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस जम्मू कश्मीर को फिर से अशांति और अराजकता की ओर धकेलकर दलितों के आरक्षण को छीनना चाहती है। उन्होंने कहा कि जिस जम्मू कश्मीर की शांति के लिए राजस्थान के युवाओं ने बलिदान दिया, उस राजस्थान के लोगों के मन में आज कांग्रेस के प्रति गहरी नाराजगी है।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 (ए) को हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां अमन, समृद्धि और सुरक्षा की नई इबारत लिखी है, जिसे कांग्रेस पाक पोषित परिवारवादी पार्टी से गठजोड़ कर देश के मणि मुकुट को फिर से अशांत करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने वहां के युवाओं को गुमराह कर उनके हाथ में एके-47 थमाने का काम किया, उन पार्टियों का कांग्रेस समर्थन कर रही है। इससे कांग्रेस पार्टी के देश विरोधी मंसूबे बेनकाब हुए है। इस दौरान मंच पर जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ और भाजपा प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नेशनल कांफ्रेंस के घोषणा पत्र के वादों पर कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर दागे 10 सवाल:-

1) क्या कांग्रेस 'नेशनल कांफ्रेंस' के जम्मू-कश्मीर में फिर से 'अलग झंडे' के वादे का समर्थन करती है?
2) क्या राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी धारा 370 और आर्टिकल 35 ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के 'नेशनल कांफ्रेंस' के निर्णय का समर्थन करती है?
3) क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है?
4) क्या कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी, पाकिस्तान के साथ 'एलओसी ट्रेड' शुरू करने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का समर्थन करते हैं?
5) क्या कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है?
6) इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के 'नेशनल कांफ्रेंस' के वादे के साथ है?
7) क्या कांग्रेस चाहती है कि 'शंकराचार्य पर्वत' 'तख़्त-ए-सुलिमान' और 'हरि पर्वत' 'कोह-ए-मारन' के नाम से जाने जाएं?
8) क्या कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौपने का समर्थन करती है?
9) क्या कांग्रेस पार्टी 'नेशनल कांफ्रेंस' के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है?
10) क्या कांग्रेस और राहुल गांधी कश्मीर को ऑटोनॉमी देने की 'नेशनल कांफ्रेंस' की विभाजनकारी सोच और नीतियों का समर्थन करते हैं?

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने साइकिल चलाकर दिया पर्यावरण का संदेश

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता को लेकर साइक्लोथॉन का आयोजन हुआ। इस साइकिल रैली में हजारों बच्चों व अन्य लोगों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया,एसएमएस स्टेडियम से साइकिल रैली रवाना हुई जो अल्बर्ट हॉल, रामनिवास बाग तक आयोजित की गई ,इस दौरान जयपुर सांसद मंजू शर्मा, विधायक बालमुकुंदाचार्य व अन्य मौजूद रहें।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह रैली सिर्फ आज का कार्यक्रम नहीं है,हमें सदैव इस बात का ध्यान रखना होगा कि पर्यावरण को कैसे सुधारा जाए,प्रदूषण को कैसे कम किया जाए। आज हर व्यक्ति गाड़ी में चलना चाहता है,लेकिन यह नहीं देखते कि इससे कितना प्रदूषण हो रहा है,यह जिम्मेदारी भी हमारी ही है कि हम कैसे पर्यावरण का संरक्षण करे,पर्यावरण जितना अच्छा होगा उतना ही अच्छा हमारा स्वास्थ्य होगा इसलिए साइकिल रैली के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि हर व्यक्ति पर्यावरण को लेकर जागरूक हो।



बता दें कि हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन और सांस्कृतिक एवं नैतिक प्रशिक्षण पहल फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण की रक्षा के लिए जन आंदोलन का आ''ान किया गया है। जयपुर में 26 से 30 सितंबर तक चौथे हिंदू सेवा मेले का आयोजन होगा।
हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन के प्रदेश सचिव सोमकांत शर्मा ने बताया की इस साइक्लोथॉन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और कार्बन मुक्त वातावरण के प्रति समाज को शिक्षित करना है। कार्बन फुटप्रिंट के बढ़ते प्रभाव के कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं और तापमान निरंतर बढ़ रहा है।
इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि इसमें भाग लेने वाला प्रत्येक व्यक्ति सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल का उपयोग करे और अपने कार्यालय, व्यापारिक केंद्र, स्कूल, कॉलेज या अन्य कार्यस्थलों पर एक दिन के लिए डीजल-पेट्रोल से चलने वाले वाहनों का उपयोग न करे।

# भारतीय मन में श्रीकृष्ण और आनंदरस

इतिहास भूत होता है। इसमें जोड़–घटाव उचित नहीं होता। हम चाहकर भी भूतकाल नहीं बदल सकते। लेकिन भूत इतिहास बनता है। अनुभूत समाज की भावशक्ति पाता है। वह काव्य बनता है। ऋचा या मंत्र बनता है। वह इतिहास में हस्तक्षेप नहीं करता। वह इतिहास को सौन्दर्य देता है। इतिहास और सुंदरता में प्रत्यक्ष सम्बंध नहीं होते। सुंदरता की अनुभूति का स्रोत भावशक्ति है। इतिहास का स्रोत भूत–सत्य है। श्रीकृष्ण इतिहास के महानायक हैं। उन्हें भारत की भावशक्ति मिली। वे गीत बने। काव्य बने। उनका चलना–फिरना भी गीत नृत्य हो गया। उनके कारण यमुना प्यार की नदी हो गई। उनकी बांसुरी के सुर, राग, लय ने इतिहास को मनोरम बनाया। उनका शिशुकाल भी गीत भजन और स्मरणीय काव्य बना। मथुरा–वृन्दावन भारतीय भूगोल का भाग है। श्रीकृष्ण के जीवन की ऐतिहासिक घटनाओं के भी साक्ष्य हैं लेकिन इससे भी ज्यादा वे भारतीय भावशक्ति के 'मिथक' हैं। इतिहास लौकिक होता है।

लोकभाव की शक्ति अपने प्रिय को लोक के परे भी देखती है। जैसे प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं पड़ती, वैसे ही प्रेमपूर्ण चित्त को प्रमाण बेकार लगते हैं। हम इतिहास की पोथी पढ़कर राधाकृष्ण का प्रेमतत्व नहीं जान सकते। प्रेममय चित्त बड़ी सरलता से लौकिक को अलौकिक बनाते हैं। वे इस जीवन के बाद भी प्रेमी बने रहने का संकल्प लिया करते हैं। प्रेम और इतिहास में कोई दुश्मनी नहीं। प्रेम गीतों में भी इतिहास हो सकता है और इतिहास में भी प्रेम के कथानक। प्रेमी आकाश में उड़ते, तमाम जन्मों में मिलते बिछुड़ते गाए जाते हैं। वे स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा पर होते हैं। ऐसे प्रेमी इतिहास के चरित्र भी हो सकते हैं लेकिन इतिहास उन्हें आकाशचारी नहीं दर्ज करता। श्रीकृष्ण इतिहास में हैं। भाव में हैं। प्रेम में है। वे प्रेम रस का परम चरम है। तैत्तिरीय उपनिषद् के ऋषि ने संपूर्णता या ब्रह्म को 'रस–रसो वै स:' गाया है। वैसे ही रस या महारस हैं श्रीकृष्ण। वे स्वयं महारस भी हैं और उस रस का आनंद लेने वाले रसिक बिहारी भी हैं। वे ज्ञाता हैं, ज्ञेय हैं और ज्ञान भी हैं। प्रकृति सृजन का चरम परम है लेकिन जिस प्रकृति ने उन्हें रचा है, वह प्रकृति भी उन्हीं के मार्गदर्शन में चलती है। राधाकृष्ण का प्रेम लौकिक है। अध्यात्म भी है। यहां दो हैं राधा और कृष्ण। राधा होना चाहती है कृष्ण। बिना कृष्ण हुए राधा का प्यार आधा है। इस प्यार को पकने पकाने के लिए श्रीकृष्ण की आंच और ऊष्मा चाहिए। श्रीकृष्ण की प्रीति ऊष्मा भी सहज नहीं। राधा यह बात जानती ही रही होगी कि वे मिलें हमसे और मैं राधा न रहूं। श्रीकृष्ण से मिलूं और श्रीकृष्ण ही हो जाऊं। श्रीकृष्ण तो सबकुछ जानते ही थे। राधा सामान्य नायिका नहीं है। वे धारा के विपरीत हैं। धारा शब्द को उलटने से ही शब्द राधा बनता है।

राधा का संस्पर्श भी श्रीकृष्ण को श्रीकृष्ण नहीं रहने देगा। अग्नि आंच दोतरफा है। दोनों की आंच के कारण दोनो का अलग अस्तित्व बचना मुश्किल। लेकिन राधा तैयार है। उन्हें निजी अस्तित्व की चिंता नहीं। राधा मिली श्रीकृष्ण से और श्रीकृष्ण मिले राधा से। वे दो थे। एक हो गए। फिर एक भी नहीं बचा। अद्वैत घटित हो गया। पुराणकार लिख सकते थे कि तब देवताओं ने इस महामिलन पर आकाश से फूल बरसाए। लेकिन राधा माधव की प्रीति के लिए देवों की पुष्पवर्षा की जरूरत हीं नहीं थी। इस प्रीति को देखकर मथुरा–वृंदावन और बरसाना के फूल स्वयं ही लहके। उनकी सुगंध आज भी अनुभव की जा सकती है। सोचता हूं कि तब आकाश में बिना बादल ही 'घनश्याम' आ गए होंगे। ऋत सत्य ने गति दी होगी। राधाकृष्ण प्यार की ऊष्मा के जलकण आकाश पहुंचे होंगे। इस महाप्रीति से पर्जन्य ने कृति आकार लिया होगा। ये पर्जन्य और कोई नहीं हम सबके प्रिय घनश्याम ही हैं। गीता में उन्होंने स्वयं को 12 मासों के चक्र में अगहन–मार्गशीर्ष बताया है। उसके अपने कारण हैं। उनका जन्म कड़कते बादलों के समय हुआ। उस मुहूर्त में सब तरफ पर्जन्य घनश्याम थे। धरती तक उतर आए थे वे। यमुना भावविं''ल होकर उमड़ पड़ीं थी तब। इतिहासकार की सीमा है। पर्जन्य इतिहास का उपकरण नहीं हैं। बांके बिहारी की छवि मस्तिष्क की समृद्धि नहीं है। मोर मुकुट का प्राकृतिक सौन्दर्य इतिहास की विषय वस्तु नहीं है। माखन चोरी की प्रथम सूचना रिपोर्ट किसी थाने का अभिलेख नहीं है। गोपियों के बीच नृत्य और रास का वीडियो वायरल नहीं हुआ। प्रेम उल्लास नापने का कोई यंत्र न उस समय था और न ही अब तक बन पाया है। भाव जगत निस्संदेह इसी प्रत्यक्ष जगत का हिस्सा है लेकिन यह जगत प्रत्यक्ष है। सो इस भूत की स्मृति है। स्मृति का इतिहास है। भावजगत का इतिहास लिखें तो कैसे लिखें? भारत का मन श्रीकृष्ण में आनंदरस पाता है। आनंदरस की प्यास कभी तृप्त नहीं होती। जितना पीते हैं, उतना ही यह प्यास और ज्यादा बढ़ती है। प्रेम तृप्त नहीं होता। न मिलने से और न ही दूर रहने में। जो तृप्ति दे वह प्रेम नहीं हो सकता। श्रीकृष्ण प्रेम अवतार है। उनके भजन, कीर्तन, लीला और नाटक हम सबकी तृप्ति और बढ़ाते हैं।

अनंत अनंत होता है। तृप्ति का अंत नहीं। श्रीकृष्ण अनंत हैं। उनकी कथा अनंत है। हरि अनंत हरि कथा अनंता। इतिहास में जाएं तो बौद्ध पंथ भारत को आच्छादित कर रहा था। संभवत: दो क्षेत्रों में इसका प्रभाव नहीं पड़ा। पहला क्षेत्र वृंदावन था और दूसरा काशी। बुद्ध के अनुसार यह संसार दुखमय लेकिन वृंदावन में यह संसार नृत्यपूर्ण था। नृत्य में दुख की जगह कहां होती है? रास अपने आपमें आनंद है। उन्हें कैवल्य की जरूरत ही नहीं। उद्धव को गोपियों ने यही उत्तर दिया था। हमारा सब कुछ श्याम के संग और रंग में है। हम निर्गुण अद्वैत का क्या करें? अद्वैत में वे भी थीं पर इस अद्वैत में इन्द्रधनुष था। श्रीकृष्ण की प्रीति के रंगों में रचा बसा था यह अद्वैत। वामपंथी मित्र कहते हैं कि श्रीकृष्ण काव्य कल्पना हैं। इतिहास के पात्र नहीं। हम कहते हैं कि मथुरा इतिहास है, यमुना इतिहास है। गोवर्द्धन इतिहास है। नंदगांव इतिहास है। कुरु क्षेत्र इतिहास है। युद्ध इतिहास है। हस्तिनापुर अभी भी है। यह भौगोलिक क्षेत्र है। सो है। इसलिए इतिहास है। श्रीकृष्ण प्रत्यक्ष नहीं हैं, क्योंकि वे इतिहास हैं। वे हमारी नस–नस में हैं। हमारे अन्त:करण में उनकी बांसुरी बजती है। यह हमारा अंत:करण है। डॉ. लोहिया ने इसी अंत: क्षेत्र की बात की थी कि श्रीकृष्ण को इतिहास के पर्दे पर उतारने की कोशिश न करना। हम सादर जोड़ते हैं कि इतिहास का पर्दा छोटा है। प्रेमगली संकरी है। इससे होकर प्रेम ही गुजर सकता है। दो नहीं निकल सकते। इतिहास के पास श्रीकृष्ण को समेटकर रखने की जगह नहीं। श्रीकृष्ण प्रेम हैं। महाप्रेम के इस महानायक को इतिहास के साथ अपने हृदय में भी खोजना चाहिए। साधारण मुद्रा में नहीं, नाचते हुए। श्रीकृष्ण सतत नाचते हुए पूर्वज हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बधाई।

# मां छिन्नमस्तिका : दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा शक्तिपीठ



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

असम के कामाख्या मंदिर के बाद दुनिया के दूसरे सबसे बड़े शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है मां छिन्नमस्तिके मंदिर। यह मंदिर झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर भैरवी–भेड़ा और दामोदर नदी के संगम पर अवस्थित है। मां छिन्नमस्तिका मंदिर आस्था की धरोहर है। रजरप्पा का यह सिद्धपीठ, केवल एक मंदिर के लिए ही विख्यात नहीं है, बल्कि छिन्नमस्तिके मंदिर के अलावा यहां महाकाली मंदिर, सूर्य मंदिर, दस महाविद्या मंदिर, बाबाधाम मंदिर, बजरंग बली मंदिर, शंकर मंदिर और विराट रूप मंदिर के नाम से कुल 7 मंदिर स्थापित हैं।

मंदिर के निर्माण काल के संबंध में पुरातात्विक विशेषज्ञों में मतभेद है। किसी के अनुसार मंदिर का निर्माण 6,000 वर्ष पहले हुआ था तो कोई इसे महाभारत युग का मानता है। लेकिन यह दुनिया के दूसरे सबसे बड़े शक्तिपीठ के रूप में जाना जाता है। मां छिन्नमस्तिके की महिमा की पौराणिक कथाओं के अनुसार, प्राचीनकाल में छोटा नागपुर में रज नामक एक राजा राज करते थे। राजा की पत्नी का नाम रूपमा था। इन्हीं दोनों के नाम से इस स्थान का नाम रजरूपमा पड़ा, जो बाद में रजरप्पा के नाम से जाने लगा है।

किदवंती कथाओं के अनुसार, एक समय राजा रज पूर्णिमा की रात में, शिकार की खोज में दामोदर और भैरवी नदी के संगम स्थल पर पहुंचे। रात्रि विश्राम के दौरान राजा रज ने स्वप्न में लाल वस्त्र धारण किए तेज मुख मंडल वाली एक कन्या देखी। उस कन्या ने राजा रज से कहा कि– हे राजन, इस आयु में संतान न होने से तेरा जीवन सूना लग रहा है। मेरी आज्ञा मानोगे तो रानी की गोद भर जाएगी। इसतरह का सपना देखते ही राजा रज की आंखें खुल गई। वे इधर–उधर भटकने लगे। इस बीच उनकी आंखें स्वप्न में दिखी कन्या से जा मिली। वह कन्या जल के अन्दर से राजा रज के सामने प्रकट हुई। उसका रूप अलौकिक था। यह देख राजा राज भयभीत हो गए। राजा को देखकर देख वह कन्या कहने लगी– हे राजन, मैं छिन्नमस्तिके देवी हूं। कलियुग के मनुष्य मुझे नहीं जान सके हैं, जबकि मैं इस वन में प्राचीनकाल से गुप्त रूप से निवास कर रही हूं। मैं तुम्हें वरदान देती हूं कि आज से ठीक नौवें महीने तुम्हें पुत्र की प्राप्ति होगी। देवी बोली– हे राजन, भैरवी–भेड़ा और दामोदर नदी मिलन स्थल के समीप तुम्हें मेरा एक मंदिर दिखाई देगा। इस मंदिर के अंदर शिलाखंड पर मेरी प्रतिमा अंकित दिखेगी। तुम सुबह मेरी पूजा कर बलि चढ़ाओ। ऐसा कहकर छिन्नमस्तिके अंतर्ध्यान हो गईं।



एक अन्य किदवंती कथा के अनुसार, एक समय भगवती भवानी अपनी सहेलियों जया और विजया के साथ मंदाकिनी नदी में स्नान करने गईं। स्नान करने के बाद भूख से उनका शरीर काला पड़ गया। सहेलियों ने भी भोजन की मांग करने लगी। देवी ने सहेलियों से कुछ देर प्रतीक्षा करने को कहा। बाद में सहेलियों के विनम्र आग्रह पर उन्होंने दोनों की भूख मिटाने के लिए अपना सिर काट लिया। कटा सिर देवी के हाथों में आ गिरा और गले से रक्त की 3 धाराएं निकलने लगी। वह 2 धाराओं को अपनी सहेलियों की ओर प्रवाहित करने लगी है और एक धारा स्वयं रक्तपान कर रही हैं। तभी से मां छिन्नमस्तिके कही जाने लगीं।

पश्चिम दिशा से दामोदर नदी और दक्षिण दिशा से कल–कल करती भैरवी नदी का दामोदर नदी से मिलना मंदिर की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। इसी संगम स्थल के समीप मां छिन्नमस्तिके का मंदिर है। मंदिर की उत्तरी दीवार के साथ रखे एक शिलाखंड पर दक्षिण की ओर मुख किए माता छिन्नमस्तिके का दिव्य रूप अंकित है। मां छिन्नमस्तिके मंदिर के अंदर स्थित शिलाखंड में मां की 3 आंखें हैं। बायां पांव आगे की ओर बढ़ाए हुए वे कमल पुष्प पर खड़ी हैं। पांव के नीचे विपरीत रति मुद्रा में कामदेव और रति शयनावस्था में हैं। मां छिन्नमस्तिके का गला सर्पमाला तथा मुंडमाल से सुशोभित है। बिखरे और खुले केश, जिह्वा बाहर, आभूषणों से सुसज्जित मां नग्नावस्था में दिव्य रूप में हैं। मां के दाएं हाथ में तलवार तथा बाएं हाथ में अपना ही कटा मस्तक है। इनके अगल–बगल डाकिनी और शाकिनी खड़ी हैं जिन्हें वे रक्तपान करा रही हैं और स्वयं भी रक्तपान कर रही हैं। इनके गले से रक्त की 3 धाराएं बह रही हैं।

मंदिर का मुख्य द्वार पूरबमुखी है। मंदिर के ठीक सामने बलि का स्थान है। बलि स्थान पर प्रतिदिन औसतन 100–200 बकरों की बलि चढ़ाई जाती है। मंदिर की ओर मुंडन कुंड है। इसके दक्षिण में एक सुंदर निकेतन है जिसके पूर्व में भैरवी नदी के तट पर खुले आसमान के नीचे एक बरामदा है। इसके पश्चिम भाग में भंडारगृह है। रुद्र भैरव मंदिर के नजदीक एक कुंड है। मंदिर की भित्ति 18 फुट नीचे से खड़ी की गई है। नदियों के संगम के मध्य में एक अद्भुत पापनाशिनी कुंड है, जो रोगग्रस्त भक्तों को रोगमुक्त कर उनमें नवजीवन का संचार करता है। यहां मुंडन कुंड, चेताल के समीप ईशान कोण का यज्ञ कुंड, वायु कोण कुंड, अग्निकोण कुंड जैसे कई कुंड हैं। दामोदर नदी के द्वार पर एक सीढ़ी है। इसका निर्माण 22 मई 1972 को संपन्न हुआ था। इसे तांत्रिक घाट भी कहा जाता है, जो 20 फुट चौड़ा तथा 208 फुट लंबा है। यहां से भक्त दामोदर नदी में स्नान कर मंदिर में जाते हैं।

दामोदर नदी और भैरवी नदी का संगम स्थल अत्यंत मनोहारी है। भैरवी नदी को स्त्री नदी माना जाता है जबकि दामोदर नदी को पुरुष नदी। संगम स्थल पर भैरवी नदी ऊपर से नीचे की ओर दामोदर नदी के ऊपर गिरती है। कहा जाता है कि जहां भैरवी नदी दामोदर नदी में गिरकर मिलती है उस स्थल की गहराई अब तक किसी को पता नहीं है। आदिवासियों के लिए यह त्रिवेणी है। मकर संक्रांति के मौके पर लाखों श्रद्धालु आदिवासी और भक्तजन यहां स्नान व चौडाल प्रवाहित करने तथा चरण स्पर्श के लिए आते हैं। रजरप्पा के स्वरूप में अब बहुत परिवर्तन हो चुका है। तीर्थस्थल के अलावा यह पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित हो चुका है। अब यह पर्यटन स्थल का मुख्य केन्द्र है।

मंदिर में प्रातःकाल 4 बजे से माता का दरबार सजना शुरू हो जाता है। भक्तों की भीड़ भी सुबह से ही पंक्तिबद्ध खड़ी रहती है, खासकर शादी–विवाह, मुंडन–उपनयन के लगन और दशहरे के मौके पर भक्तों की 3–4 किलोमीटर लंबी लाइन लग जाती है। इस भीड़ को संभालने और माता के दर्शन को सुलभ बनाने के लिए कुछ माह पूर्व पर्यटन विभाग द्वारा गाइडों की नियुक्ति की जाती है। आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय पुलिस भी मदद करती है। मंदिर के आसपास ही फल–फूल, प्रसाद की कई छोटी–छोटी दुकानें हैं। आमतौर पर लोग यहां सुबह आते हैं और दिनभर पूजा–पाठ और मंदिरों के दर्शन करने के बाद शाम होने से पूर्व ही लौट जाते हैं। जबकि अब मां छिन्नमस्तिके मंदिर के निकट ठहरने के लिए भी उत्तम व्यवस्था हो गई है। मंदिर तक जाने के लिए पक्की सड़क बन गई है। सुबह से शाम तक मंदिर पहुंचने के लिए बस, टैक्सियां एवं ट्रैकर भी अब उपलब्ध रहती हैं।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी: अपने 'कृष्ण भाव' को प्रकट कीजिए

अवधेश झा

कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव वास्तव में विशुद्ध आत्मा का ही उत्सव है। श्रीकृष्ण परब्रह्म स्वरूप परमात्मा आदि नारायण के अवतार हैं और सत्य रूपी धर्म की रक्षा के लिए पृथ्वी पर प्रकट हुए और धर्म की स्थापना किए। जस्टिस राजेंद्र प्रसाद (पूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय, पटना) से जब मैंने पूछा कि आप गीता का अध्ययन निरंतर करते रहते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के संदर्भ में कुछ विचार दीजिए; तो उन्होंने कहा "श्रीकृष्ण का स्वरूप तो सभी आत्म स्वरुप में विद्यमान है, उसे प्रकट करने की जरूरत है, अपने कृष्ण को अपने स्वरूप में प्रकट कीजिए तथा उनके कहे आत्म विचारों को अपने में धारण कीजिए। जिस कृष्ण को आप बाहर ढूंढ रहे हैं, वह चेतन स्वरूप कृष्ण आपके भीतर ही विराजमान है। उनका दर्शन कीजिए। आगे उन्होंने कहा कि 'श्रीकृष्ण ने गीता' में कहा है कि:

**या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।**
**यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः।।**

अर्थातः ''संपूर्ण प्राणियों की जो रात (परमात्मासे विमुखता) है, उसमें संयमी मनुष्य जागता है, और जिसमें सब प्राणी जागते हैं (भोग और संग्रहमें लगे रहते हैं), वह तत्त्वको जाननेवाले मुनिकी दृष्टिमें रात है।'' इस श्लोक को सुक्ष्म भाव से दर्शन करेंगे तो ज्ञात होगा कि; श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि, आत्मा की चार अवस्था है। प्रथम अवस्था, जिसमें आत्मा प्रकृति भाव में रहता है, दूसरी अवस्था जिसमें आत्मा स्वप्नभाव में रहता है, तीसरी अवस्था जोकि आत्मा की स्वयं की अवस्था है, (जिसे सुषुप्ति की अवस्था कहते हैं); में जागती रहती है और चौथी अवस्था तुरीय अवस्था है जोकि आत्मा की चिर अवस्था है। वास्तव में, आदिनारायण के अवतार श्रीकृष्ण आत्मा की सुषुप्ति अवस्था में ही प्रकट हुए थे। उस समय प्रकृति की समस्त जड़ भाव शांत था और समस्त चेतन भाव जागृत था और उसी अवस्था में श्रीकृष्ण रूपी मुनि प्रकट हुए।

श्रीमद्भागवत गीता का अठारह अध्याय श्रीकृष्ण ने आत्मा के सुषुप्ति अवस्था के अठारह योग खंड ही है। इसका संबंध योग पथ से आत्मा की यात्रा ही है। प्रथम अध्याय विषाद योग यहां भगवान का उदय ही आत्मा के शोक भाव को मुक्त करना था। प्रथम शोक, जो उनके आत्मस्वरुप माता–पिता, पृथ्वी, विप्र और गौ आदि को उबारे। दूसरा शोक अर्जुन को, जो धर्मयुद्ध करने से पूर्व धर्मसंकट में फंस गया था। श्रीकृष्ण के प्रकट होते ही कई युद्ध सामने खड़ा था और वह जन्म से ही श्रेष्ठ योद्धा की तरह लड़ते चले गए। वास्तव में, उनके सम्मुख जो आत्मा जिस भाव की प्रवृत्ति में (जैसे काम, क्रोध, लोभ, मोह और अंहकार) और स्मृति में (जन्म जन्मांतर का आसुरी वृति को आगे बढ़ाना) आदि से ग्रसित था; श्रीकृष्ण उन सबको उस भाव से मुक्त किए। उन्होंने अपने विराट रूप में दिखा दिया कि प्रकृति की व्यष्टि और समष्टि दोनों रूप एक ब्रह्मसूत्र की तरह उनमें पिरोया है। समस्त क्रिया उस परमसत्य के अधीन हो रहा है तथा जो जिस भाव या स्वरूप में है उसकी वैसी ही गति हो रही है। इस समस्त गति में भाव का ही रूपांतरण हो रहा है तथा आत्मा तो स्थिर, नित्य, सत्य और अविनाशी है।



श्रीकृष्ण महाभारत युद्ध में एक बुद्धि रूपी सारथी की भूमिका का उत्तम और स्पष्ट उदाहरण दिए। अगर जीवन के संग्राम में आत्मा महारथी है, तो बुद्धि ही सारथी है, मन उसका लगाम है और इंद्रिय घोड़ा है। जिसके बुद्धि में भगवान का निवास हो, उसकी आत्मा संसार के समस्त धर्मयुद्ध का विजेता ही होगा। माधव ने गाय, पृथ्वी और ब्राह्मण से अपना जो लगाव दिखाया। वास्तव में, यह तीनों उन्हीं का निवास स्थल है तथा उन्हीं के आग्रह पर वह प्रकट हुए थे। अब इन तीनों को सूक्ष्मता से देखेंते तो पाएंगे कि 'गाय' पूर्ण ब्रह्म स्वरूप हैं, जिसमें परम तत्व के समस्त भाव का चेतन स्वरूप विद्यमान है। अर्थात उसमें सम्पूर्ण ब्रह्मांड का चेतन भाव स्थित है। इसलिए, आदि काल से ही गौ सेवा, गौ दान बहुत बड़ा धर्म है; इसलिए, उस धर्म स्वरूप में भगवान निवास करते हैं तथा समस्त ब्रह्मकर्म, अग्निकर्म, उपासना कर्म आदि 'गौ' से ही सम्पन्न होता है। एक और रहस्य है कि गोविंद का गायों से संवाद अपने मुरली बजा कर करते थे। नंदबाबा के यहां नौ लाख गाय थी और एक बाल गोपाल सबको, बांसुरी के माध्यम से ही संवाद करते थे। ब्राह्मण, ब्रह्म विचारों ने स्थिर रहकर, ब्रह्म कर्म करता है। श्रीहरि तो परब्रह्म है तो वह तो ब्रह्म विचारों में ही स्थित रहेंगे तथा जैसे मुरली की ध्वनि से निःशब्द ही संवाद स्थापित करते थे, तो संवाद स्वरूप में उनका 'ब्रह्म संवाद' ही था तथा जब – जब सत्य रूपी धर्म का नाश होता है अर्थात ब्रह्म विचारों का नाश होने लगता है। तब तब सत्य स्वरूप परमात्मा अवतार लेकर अपने ब्रह्म ज्ञान, आत्म ज्ञान का विस्तार करते हैं। उस ब्रह्म विचारों का चित तो 'ब्राह्मण' ही है। अब 'पृथ्वी' की बात करें तो यह समस्त क्रिया प्रकृति के पृथ्वी भाव में ही हो रहा है। पृथ्वी, तत्व, भाव और चेतन में विद्यमान है। पृथ्वी ही समस्त स्थूल शरीर और स्थूल जगत का आधार है। पृथ्वी ही समस्त कर्मकांड का भी आधार है और ईश्वर पृथ्वी के स्वरूप में ही 'अपने चेतन भाव' में भी स्थित हैं, पूजित होते हैं और दर्शन देते है। लेकिन, पृथ्वी में तमोगुण की प्रधानता के कारण इन्हें हमेशा सतोगुण की उपासना करते रहना पड़ता है। इसलिए, सत्य स्वरूप ईश्वर पृथ्वी पर प्रकट होकर बार बार असत्य का नाश करते हैं।

बाल गोपाल अपने बाल्य स्वरूप में दिखा दिया की सम्पूर्ण ब्रह्मांड उनके मुख में है। अर्थात वह आत्मा थे और प्रकृति का समष्टि भाव 'यह ब्रह्मांड' उनके आत्म स्वरूप मुख में है। क्योंकि, समस्त ब्रह्मांडीय क्रिया आत्मा में ही विद्यमान है। दूसरा उन्होंने अर्जुन को विराट रूप में दिखाया कि उनका स्वरूप ही ब्रह्मांड है। जिसका क्षेत्र स्थूल पृथ्वी से सत्य आकाश तक है अर्थात यहां भी वह सत्य रूपी आकाश जो ब्रह्म में स्थित है; पृथ्वी का आधार है तथा वह आधार लंब श्रीकृष्ण ही हैं। इसलिए, जैसे ही आपमें श्रीकृष्ण का भाव प्रकट होगा, आप अपने चेतन स्वरूप की समष्टि भाव में स्थित हो जायेंगे और अपने श्रीकृष्ण स्वरूप आत्मा के प्राकट्य उत्सव मनाएंगे। जय श्रीकृष्ण।

# मोदी ने तैयार की रूस और यूक्रेन के बीच समझौते की स्क्रिप्ट!



मनोज कुमार अग्रवाल

क्या पीएम मोदी यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध को रुकवाने में कामयाब होंगे? हालांकि इस सवाल का जवाब अभी भविष्य के गर्त में छिपा है लेकिन छह सप्ताह पहले रूस का दौरा कर वहां के राष्ट्रपति पुतिन के साथ वार्ता कर चुके मोदी का यूक्रेन दौरा एक सुनियोजित शांति समझौते का सूत्रपात करेगा इस मे कोई संदेह नहीं है। युद्धग्रस्त देश यूक्रेन की सात घंटे की यात्रा पर शुक्रवार को राजधानी कीव पहुंचे। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यूक्रेन की यह पहली यात्रा है और इस दौरान वह राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ, रूस–यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर बातचीत की। मोदी जेलेंस्की के साथ व्यक्तिगत तौर पर और फिर प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की, जिसमें रूस–यूक्रेन संघर्ष का बातचीत के जरिए समाधान निकालने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया। यह वार्ता ऐसे समय में हो रही है जब यूक्रेन ने हाल ही में रूसी क्षेत्र में आक्रामक सैन्य अभियान चला रखा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन की पोलैंड यात्रा के बाद शुक्रवार को यूक्रेन पहुंचे उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की। इससे जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों नेता एक दूसरे से हाथ मिलाने के बाद गले मिलते नजर आ रहे हैं। इस बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने युद्ध को लेकर बड़ा ऐलान किया है। रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि जब तक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन में हैं, तब तक वहां कोई हमला नहीं होगा। रूस के राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय में आया है जब यह माना जा रहा है कि पीएम मोदी का यह दौरा रूस–यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के लिहाज से बहुत अहम हो सकता है. पोलैंड से करीब 10 घंटे की ट्रेन यात्रा के बाद हयात होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। रूस और यूक्रेन में ढाई साल से जारी जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यूक्रेन पहुंचे। यहां राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक में मोदी ने कहा, "भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने मीडिया के सामने उनकी आंख से आंख मिलाकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है।"इस दौरान रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी ने ज़ेलेंस्की से कहा कि युद्ध को समाप्त करने के लिए 'बातचीत और कूटनीति' ही एकमात्र समाधान है, उन्होंने रूस के साथ शांति मध्यस्थता के लिए एक मित्र के रूप में व्यक्तिगत रूप से मदद करने की पेशकश की।

बता दें कि हाल ही में पीएम मोदी ने रूस की यात्रा की थी, और रूस से जारी युद्ध के बीच पीएम मोदी का पहली बार यूक्रेन जाना ऐतिहासिक यात्रा के तौर पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान जेलेंस्की के दौरान एक जॉइंट स्टेटमेंट भी जारी किया। वहीं यह भी कहा कि भारत इस युद्ध में कभी भी तटस्थ नहीं रहा, हम शांति के पक्ष में हैं ।यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यूक्रेन यात्रा है। इस दौरान रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी ने ज़ेलेंस्की से कहा कि युद्ध को समाप्त करने के लिए 'बातचीत और कूटनीति' ही एकमात्र समाधान है, उन्होंने रूस के साथ शांति मध्यस्थता के लिए एक मित्र के रूप में व्यक्तिगत रूप से मदद करने की पेशकश की।



बता दें कि हाल ही में पीएम मोदी ने रूस की यात्रा की थी, और रूस से जारी युद्ध के बीच पीएम मोदी का पहली बार यूक्रेन जाना ऐतिहासिक यात्रा के तौर पर देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान जेलेंस्की के दौरान एक जॉइंट स्टेटमेंट भी जारी किया। वहीं यह भी कहा कि भारत इस युद्ध में कभी भी तटस्थ नहीं रहा, हम शांति के पक्ष में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अन्य देशों के लोग भी जानते हैं कि भारत ने शांति प्रयासों की सक्रिय रूप से योजना बनाई है और आप भी जानते हैं कि हमारा दृष्टिकोण लोगों पर केंद्रित रहा है। मैं आपको और पूरी दुनिया को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह भारत की प्रतिबद्धता है और हम मानते हैं कि संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है और हम इसका समर्थन करते हैं ।पीएम मोदी ने कहा है कि कुछ समय पहले, जब मैं इसके समर्थन में राष्ट्रपति पुतिन से मिला था, तो मैंने उनसे कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। हाल ही में, जब मैं एक बैठक के लिए रूस गया था, तो मैंने वहां भी स्पष्ट शब्दों में कहा था कि किसी भी समस्या का समाधान कभी भी युद्ध के मैदान में नहीं मिलता है। समाधान केवल बातचीत, संवाद और कूटनीति के माध्यम से होता है और हमें बिना समय बर्बाद किए उस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

पीएम मोदी ने रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर कहा है कि दोनों पक्षों को एक साथ बैठना चाहिए और इस संकट से बाहर आने के तरीके खोजने चाहिए। आज मैं आपके साथ विशेष रूप से शांति और प्रगति के मार्ग पर चर्चा करना चाहता हूं। इसके साथ ही उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच मध्यस्थता करने की भी पेशकश की ।इससे पहले मोदी जेलेंस्की के साथ यूक्रेन नेशनल म्यूजियम पहुंचे, जहां उन्होंने जंग में मारे गए बच्चों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बच्चों के मेमोरियल पर डॉल भी रखी।

इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच युद्ध को लेकर शांतिपूर्ण समाधान पर विचार–विमर्श होने की उम्मीद है। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच चली मीटिंग में चार समझौते 'ूमनटेरेन ग्राउंड पर मदद देने. फूड और एग्रीकल्चर मेडिकल एंड ड्रग्स, कल्चर कोऑपरेशन को लेकर साइन हुए। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि रूस–यूक्रेन जंग में जान गंवाने वाले बच्चों की याद में स्थापित मार्मिक प्रदर्शनी देखकर प्रधानमंत्री मोदी भावुक हो गए. उन्होंने इस पर शोक जताया और मारे गए बच्चों के सम्मान में उन्हें याद करते हुए एक खिलौना रखा। प्रधानमंत्री करीब सात घंटे कीव में बिताएंगे। जेलेंस्की के साथ बातचीत से पहले पीएम मोदी ने कीव में ओएसिस ऑफ पीस पार्क स्थित सत्य और अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए भारतीय समुदाय के लोग कीव में मौजूद हैं। भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। यहां जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारे लगे। युद्ध के कारण यूक्रेन में हवाई जहाज नहीं जा रहे हैं। इस कारण पीएम मोदी ने रेल फोर्स ट्रेन के जरिए यात्रा की। उनकी यह यात्रा 10 घंटे की थी। पीएम मोदी से पहले जो बाइडन समेत दुनिया के कई नेता इसके जरिए यूक्रेन पहुंचे हैं। पीएम मोदी की यात्रा को एक शांति लाने वाले के तौर पर देखा जा रहा है। यूक्रेनी प्रोफेसर कैटरीनी डोवबन्या ने कहा कि उनका मानना है की पीएम मोदी की यात्रा बेहद महत्वपूर्ण है। खासकर वर्तमान संदर्भ में। उन्होंने उम्मीद है कि पीएम मोदी शांति लाने में मदद करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा पर शुक्रवार को वॉइट हाउस ने कहा कि उसे लगता है कि यह मददगार हो सकती है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने संवाददाताओं से कहा कि 'अगर मोदी की यूक्रेन यात्रा राष्ट्रपति जेलेंस्की के न्यायपूर्ण शांति के दृष्टिकोण के अनुरूप संघर्ष को समाप्त करने में हमारी मदद कर सकती है, तो हमें लगता है कि यह मददगार होगा।' तमाम हालात और बयान संकेत दे रहे हैं कि यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष विराम की स्क्रिप पीएम मोदी पहले ही तैयार कर चुके हैं अब सिर्फ दोनों देशों को वार्ता की टेबल पर बैठाकर समाधान निकालने का समय करीब आ चुका है ।लगता है इसी पखवाड़े दोनों युद्ध ग्रस्त देशों के बीच वार्ता की टेबल सजेगी और मोदी इस शांति प्रयासों की मध्यस्थता करेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# झुंझुनूं विधानसभा में देश को तोड़ने वाली कांग्रेस पार्टी या राष्ट्र को मज़बूती प्रदान करने वाली भाजपा पार्टी, यह तय करना है कार्यकर्ताओं को : डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल

## हिंदुस्तान की आन, बान और शान को चकनाचूर करने वाले अराजक तत्वों को पनपने से रोकना होगाः मदन राठौड़

चमकता राजस्थान

जयपुर। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और भाजपा के प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने आज झुंझुनूं में भाजपा कार्यकर्ताओं की साथ संगठनात्मक बैठक ली। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को एकजुट होने की आवश्यकता है, एकजुटता में ही ताकत है। आज नेता तो चुनाव लड़ता है लेकिन जनता को मजबूत सरकार के साथ विकास की आवश्यकता है। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करना चाहती है। इसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ मिलकर कार्य करना है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार कार्य कर रही है। इसमें भाजपा के मजबूत कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश की जनता की भागीदारी है। विपक्ष विभाजन की नीति पर कार्य कर रहा है और देश-प्रदेश की जनता को गुमराह कर समाज को विभाजित करने का प्रयास कर रहा है लेकिन भाजपा विपक्ष के मंसूबे कामियाब नहीं होने देगी। भाजपा के कार्यकर्ता भूखे, प्यासे, कड़ी मेहनत संघर्ष कर बूथों को जिताने का कार्य करते है। ऐसे कार्यकर्ताओं को सिर्फ़ सम्मान चाहिए, वे चाहते है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व में देश का नाम ऊँचा करें व डबल इंजन की मोदी और भजनलाल सरकार सफल हो। इन कार्यकर्ताओं को प्रदेश व देश में विकास चाहिए। नेता अपनी महत्वाकांक्षाओं पर नियंत्रण रख पार्टी के लिए अपना श्रेष्ठ देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान करें।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मेहनत से कमाई राजनीतिक पूंजी को बिखरने नहीं देंगे। सभी कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर जुटेंगे तो चुनाव परिणाम सुखद ही होंगे। उन्होंने बंगाल के तख्तापलट पर बोलते हुए कहा कि आज बंगाल में अराजकता



की स्थिति है। हमारे मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। बांग्लादेश में हमारे भाइयों के साथ कुछ ×गलत होता है तो उसकी तकली×फ हमें यहां होती है। उन्होंने कांग्रेस सहित विपक्षियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो लोग हिंदुस्तान की शान व सम्मान को चकनाचूर करना चाहते है हमें ऐसे अराजक तत्वों को पनपने से रोकना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ता अपने संपूर्ण सामर्थ्य के साथ विधानसभा उप चुनाव में मेहनत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कंधा मज़बूत करें।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा ने भगवान श्रीकृष्ण को लेकर बयान दिया। अब अगर उनसे पूछा जाए कि हिंदू भगवान श्रीराम या श्रीकृष्ण से प्रेरणा नहीं लेगा तो क्या अल्लाह मियां से प्रेरणा लेगा। हम हिंदू हैं और हमारा मुखिया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी सनातन संस्कृति को मानने वाला है। अब तुम्हारा मुखिया ही हिंदू नहीं है तो आप हिंदुओं के लिए कैसे सोचेंगे।

उन्होंने कहा कि झुंझुनूं ज़िले की धरती वीरता एवं विद्वता की जननी है। यहाँ हर घर से वीर सैनिक निकलते हैं जो देश की सेवा व सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का न्यौछावर करने को सदैव तत्पर रहते हैं। राजस्थान प्रदेश से सेना में भर्ती 80 हज़ार जवानों में से 50 हज़ार सैनिक शेखावटी की धरती से हैं। उन्होंने सन् 1947, 1961, 1965 में पाकिस्तान व चीन के साथ हुए युद्ध की बात करते हुए कहा कि भारत के सैनिक कम सुविधाओं के साथ लड़े। पाकिस्तान से भारत की कब्जा की गई भूमि ख़ाली भी करवाई, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गांधी ने ली हुई भूमि वापस देकर सैनिकों के बलिदान को व्यर्थ कर दिया। डॉ अग्रवाल ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की तुलना लाल बहादुर शास्त्री से करते हुए कहा कि मदन राठौड़ भी शास्त्री की तरह संकल्प दृढ़ है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने रानी सती मंदिर को भारत में विख्यात व झुंझुनूं की एक पहचान बताया। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं ज़िले से भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ का होना यहाँ के लोगों के लिए गर्व की बात है कि पहला जाट उपराष्ट्रपति आपके ज़िले से है। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पुलवामा हमले में हमारे कई वीर जवानों ने बलिदान दिया लेकिन कांग्रेस उस पर भी राजनीति करने से नहीं चुकी। सर्जिकल स्ट्राइक पर भी सवाल खड़े किए। कांग्रेस ने धारा 370 व 35 ए लगाकर कश्मीर को अलग किया लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार ने कश्मीर से उन धाराओं को हटाकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच एक संविधान, एक निशान व एक प्रधान को साकार कर कश्मीर को भी देश के विकास की गति में शामिल किया। अब कश्मीर चुनाव को लेकर नेशनल कांग्रेस ने अपने संकल्प पत्र में ये छपवाया है कि उनकी सरकार बनते ही धारा 370 व 35 ए कश्मीर में फिर से लागू होगी। ऐसे देश विरोधी तत्व देश को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। आमजन विचार करें कि झुंझुनूं विधानसभा में देश को तोड़ने वाली पार्टी जितनी चाहिए या राष्ट्र को मज़बूती प्रदान करने वाली पार्टी जितनी चाहिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, खाद्य मंत्री सुमित गोदा-रा ने भी अपने विचार व्यक्त कर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया। भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि धन्यवाद ज़िला महामंत्री सरजीत चौधरी ने दिया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीआर चौधरी, मुके-श दाधीच, प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, श्रवण सिह बगड़ी, प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत, धोद विधायक गोरधन वर्मा बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगधार कस्बे में दिनदहाड़े हुई लूटपाट की घटना

- महिला के गले की चेन ,व नगदी लूट ले गए
- पुलिस पहुची मौके पर ,मामला किया दर्ज



**चमकता राजस्थान /रमेश मोदी/चौमहला /झालावाड़।** गंगधार कस्बे में आज दिनदहाड़े दोपहर को लूटपाट की घटना हुई है ,जिसमे आरोपी, महिला के गले की चैन व दुकान से नगदी लूट ले गए , दुकानदार पूजा मेहता ने गंगधार थाने इस मामले की रिपोर्ट पेशकर बताया कि दोपहर 2 बजे के आसपास दीपक जैन पिता नरेंद्र कुमार निवासी गंगधार ,अनिल दास पिता महावीर दास , संजय शर्मा पिता बाबू महाराज निवासी जेताखेड़ी व उनके साथी दुकान पर तलवार व लठ्ठ लेकर आए और आते ही मारपीट शुरू करदी ,और दुकान का सामान बाहर फेंक दिया ,मेरे गले की सोने की चेन व गल्ले में रखे 1,30000 रुपये छीनकर ले गए ,व मुझे जान से मारने की धमकी दे गए ,बीच बचाव करने आये रवि मोरी के साथ भी मारपीट व जाती सूचक शब्दो का प्रयोग किया ।गंगधार सी आई नंद किशोर वर्मा ने बताया कि फरियादिया की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर कर दी है ,और बताया कि दुकान पर कब्जे को लेकर विवाद होना बताया ।

### राजाखेड़ा ब्लॉक की लालपुर ग्राम पंचायत के अतरौली आंगनवाड़ी केंद्र पर ग्राम स्वास्थय समिति की बैठक बुलाई



**चमकता राजस्थान/धौलपुर। रामदास तरुण।** आज दिनांक :-24 अगस्त 2024 को राजाखेड़ा उपखण्ड की लालपुर ग्राम पंचायत के अतरौली आंगनबाड़ी केंद्र पर स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन हुआ! जिसमें ग्राम स्वास्थय समिति के सचिव सुमन शर्मा ने बताया कि आज हमने ग्राम स्वास्थय समिति के सभी सदस्यों को शपथ दिलाई कि सभी सदस्य को दश- दश पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है! और उनकी देखभाल की भी जिम्मेदारी सौंपी गई! ग्राम स्वास्थय समिति की सचिव सुमन शर्मा ने कहा पेड़ हमें ऑक्सीजन देते है! जो मनुष्य को जीवन के लिए बहुत जरूरी है! और ग्राम स्वास्थय समिति के सदस्य पवन तिवारी ने कहा कि पेड़ हमें शीतलता प्रदान करते है!और उन्होंने कहा पेड़ अधिक होगे तो अच्छी वर्षा होगी! इसलिए जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ लगाने चाहिए!और उन्होंने कहा ज्यादा पेड़ पोधे होगे तो गर्मी भी कम रहेगी, ग्राम स्वास्थय समिति की सचिव सुमन शर्मा ने बताया आज हमने पीपल, बरगद, नीम, आंवला, आम, अशोक, कपूर, शीशम, बेलपत्र, कन्जी इत्यादि के पौधे लगाए गए, इस मौके पर ग्राम स्वास्थय समिति की सचिव सुमन शर्मा, अध्यक्ष सीमा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मुन्नी, सहायिका जलदेवी, एएनएम नीलम, ग्राम स्वास्थय समिति के सदस्य पवन तिवारी, सदस्य, राकेश, सम्मेदी लाल, ओमप्रकाश, रजनी देवी, नानिका, शेर सिंह, धर्म सिंह, लता देवी, नरेश राजपूत, हरिचंद, धर्मेंद्र, इत्यादि सदस्य मौजूद रहे!

## नसीराबाद/रसद विभाग ने की कार्रवाई, भवानीखेडा में पकड़ा घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध कारोबार

चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक

श्रीनगर। जिला रसद विभाग की टीम ने नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र व श्रीनगर पंचायत समिति के गांव भवानीखेड़ा की एक दुकान पर दबिश देखकर घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया। यहां से अलग-अलग कंपनियों के 66 गैस सिलेंडर और एक पिकअप जीप को जप्त कर लिया गया ।जिला रसद अधिकारी दि्वतीय हेमंत आर्य ने बताया कि विभाग को ग्राम भवानी खेड़ा में घरेलू सिलेंडर के अवैध कारोबार की लगातार शिकायतें मिल रही थी ।जिस पर रसद विभाग की टीम ने ग्राम भवानी खेड़ा में विजय कुमार पुत्र गोपाल लाल की दुकान पर



दबिश दी । दुकान के सामने एक पिकअप जीप खड़ी हुई पाई गई ।पिकअप जीप की जांच करने पर उसमें इंडियन और एचपी गैस कंपनी के कुल 66 सिलेंडर रखे हुए थे । जिनके बारे में दुकानदार विजय कुमार से पूछताछ की तो उसके पास उक्त सिलेंडरों का कोई भी बिल वाउचर, डायरी ,पर्ची ,डिलीवरी करने की लिस्ट आदि नहीं मिली। पूछताछ करने पर दुकानदार विजय कुमार ने बताया कि उक्त पिकअप जीप उसकी है। तथा वह इसके द्वारा इंडियन और एचपी कंपनी के घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध व्यापार करता है ।दुकानदार विजय कुमार से पिकअप जीप के कागज मांगने पर

**66 सिलेंडर और एक पिकअप जप्त**

उसके पास जीप के कागज भी नहीं मिले ।जिस पर टीम ने जीप में भरे हुए 18 तथा 48 खाली सिलेंडरों को जप्त कर देवराज गैस सर्विस नासून को अग्रिम कार्रवाई तक सुपुर्द कर दिया ।टीम ने पिकअप को भी जप्त कर सदर थाने के सुपुर्द कर दिया। आर्य ने बताया कि घरेलू सिलेंडर और पिकअप के आधार पर मामला दर्ज कर जिला कलेक्टर न्यायालय में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी ।टीम में रसद अधिकारी आर्य के साथ परिवर्तन निरीक्षक खान मोहम्मद खान ,और प्रवर्तन निरीक्षक महेंद्र यादव शामिल थे।

## पेरिस ओलंपिक 2024: 17 करोड़ से अधिक भारतीय फैन्स ने 1500 करोड़ मिनट तक देखा ओलंपिक

चमकता राजस्थान

**मुंबई।** पेरिस ओलंपिक 2024 के वायकॉम 18 के प्रसारण ने भारत में डिजिटल और लीनियर प्लेटफॉर्म पर 17 करोड़ से अधिक रिकॉर्ड दर्शकों ने खेलों का आनंद लिया। जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क पर मुफ़्त में उपलब्ध कवरेज को 1500 करोड़ मिनट से अधिक समय तक देखा गया। ओलंपिक के कार्यक्रम का प्रसारण अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु सहित कई भाषाओं में किया गया। पिछले ओलंपिक की तुलना में व्यापक कवरेज के जरिए विज्ञापन राजस्व में 2.6 गुना वृद्धि हुई।

JioCinema sports 18

वायाकॉम 18 डिजिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी किरण मणि ने कहा, "पेरिस ओलंपिक 2024 इस बात का एक प्रमुख उदाहरण है कि कैसे भारतीय दर्शकों के बीच गैर-क्रिकेट खेल की लोकप्रियता बढ़ रही है। दर्शकों की संख्या और उत्साही विज्ञापनदाता भागीदारी दोनों ही इस बात की गवाह हैं। हमारा ओलंपिक कवरेज न केवल एक विश्व स्तरीय उत्पादन था, बल्कि इसने दर्शकों को स्टूडियो विशेषज्ञों के साथ स्थानीय भाषाओं में कमेंट्री, आकर्षक कहानी तथा दो सप्ताह तक हर स्पर्धा के सीधे प्रसारण का आकर्षक और नॉन-लाइव कवरेज देखने की अनुमति दी।''

## सरमथुरा उपखण्ड के आंगई थाना पुलिस ने जान जोखिम में डाल बचाई महिला की जान



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)** आज दिनांकः- 24 अगस्त 2024 को सरमथुरा उपखंड के थाना क्षेत्र अंगाई में आने वाले पार्वती बांध पर ड्यूटी कर रहे! दो पुलिस कांस्टेबलों ने महिला की जान को बचाया! पति के साथ घूमने आई महिला ने लगाई पार्वती बांध में छलांग, मौके पर ड्यूटी कर रहे! आंगई पुलिस कांस्टेबल तर्जनसिंह एवं मनोज कुमार कूदे लबालब भरे पार्वती बांध में, अपनी जान पर खेलकर महिला को निकाला पार्वती बांध से बाहर दोनों कांस्टेबलों ने लोगों की मदद से प्राथमिक उपचार के लिए कराया महिला को अंगाई अस्पताल में भर्ती, लोग बोले- आंगई पुलिस नहीं पार्वती बांध पर तैनात, तो हो सकता था! बड़ा हादसा, तो चली जाती महिला की जान, अगर थोड़ी भी देर हो जाती तो महिला को बचाना नामुमकिन था!

## बाड़ी उपखंड के रामसागर बांध की (मोरी) पर रैलिंग नहीं होने से हादसे का अंदेशा



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड के सिद्ध धाम बिशिनिगिरी बाबा मंदिर सहित दो दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाले रामसागर बांध पर स्थित (मोरी) पर काफी समय से कोई रैलिंग नहीं होने से हादसा होने का अंदेशा बना हुआ है। ( फिर भी इस ओर किसी का ध्यान नहीं है!) पप्पू शर्मा खिदरपुरवाले ने बताया कि कल से विशिनिगिरी बाबा मंदिर पर लक्खी मेला शुरू होने वाला है! और इस मेले में सभी प्रांतो से लाखों की संख्या में दुखिया, फोड़ा, फुंसी, कैंसर के रोगी लोग यहां दर्शन को आते हैं! बाबा की भभूति एवं दर्शन मात्र से इस स्थान पर कैंसर के रोगी ठीक होकर जाते है। युवा समाजसेवी दिलीप सिंह परमार ने बताया संतनगर पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से दर्शनार्थियों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। मेले के दौरान कोई घटना न घटित हो जाए इसीलिए विभागीय अधिकारियों को इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाना चाहिए। मेला कमेटी सहित ग्रामीण जनों ने प्रशासन एवं सिंचाई विभाग से रैलिंग लगाए जाने की मांग की है।

## आओ हम सभी मिलकर स्वच्छता की अलख जगाएं

# सफाई का संकल्प डीएम और एसपी ने उठाया, मचकुंड की - की सफाई, सफाई में जुटे अधिकारी

चमकता राजस्थान

**धौलपुर( रामदास तरुण)** । आज दिनांकः- जिले के तीर्थ स्थल मचकुंड धाम की सफाई का संकल्पः डीएम और एसपी ने उठाया जुम्मा! मचकुंड की सफाई में जुटे अधिकारी और छात्र, सामूहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन धौलपुर। जिलाधिकारी श्रीनिधि बीटी और पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने शनिवार को धौलपुर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मचकुंड सरोवर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान की कमान संभाली। डीएम और एसपी जब



झाड़ू, फावड़ा और तसला लेकर मचकुंड सरोवर तथा आसपास के क्षेत्र में उतरे तो अन्य अधिकारी और आमजन भी जुट गए। इसके बाद में कुछ ही घंटों के श्रम से मचकुंड चमक उठा। यह अभियान स्थानीय लोगों, अधिकारियों एवं सफाईकर्मियों के साथ मिलकर चलाया गया। आज सुबह 8 बजे से जिले के प्रमुख धार्मिक स्थल मचकुंड में सफाई की गई। गंदगी और प्लास्टिक उत्पादों को साफ करते हुए!अधिकारियों ने न केवल स्वच्छता का संदेश दिया, बल्कि स्थानीय लोगों को भी इस कार्य में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बोट के जरिये भी मचकुंड कुंड की व्यापक सफाई की गई। प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों के इस प्रयास को देखकर छात्र और आमजन भी सफाई अभियान में जुट गए। धार्मिक एवं पर्यटन महत्व के स्थल मचकुंड की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी ने आवारा जानवरों और बंदरों के नियंत्रण एवं सुलभ शौचालय की सफाई के निर्देश नगर परिषद आयुक्त को दिए। साथ ही कचरा पात्रों के रखरखाव एवं नए कचरा पात्र लगवाये जाने हेतु कहा। जिलाधिकारी श्रीनिधि बीटी ने लोगों को आश्वासन दिया कि मचकुंड पर मौजूद सभी सुविधाओं को जल्द ही बेहतर किया जायेगा। इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, सीईओ जिला परिषद सुदर्शन सिंह तोमर, धौलपुर उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा एवं नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्वीकृत की विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 42.01 करोड़ लागत की 66.25 किमी सड़कें

## सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए काम तत्काल शुरू करने के निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 42.01 करोड़ लागत की 66.25 किमी सड़कें स्वीकृत कर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को काम तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए !
कार्यों के तहत वार्ड नंबर 1 में 3.50 करोड़ की लागत से 1.90 किमी, वार्ड नंबर 2 में 1.05 करोड़ की लागत से 1.50 किमी, वार्ड नंबर 3 में 2.15 करोड़ की लागत से 4 किमी, वार्ड नंबर 4 में 0.98 करोड़ की लागत से 1.40 किमी, वार्ड नंबर 5 में 2.94 करोड़ की लागत से 4.20 किमी, वार्ड नंबर 6 में 0.28 करोड़ की लागत से 0.40 किमी, वार्ड नंबर 7 में 1.49 करोड़ की लागत से 2.85 किमी, वार्ड नंबर आठ में 0.86 करोड़ की लागत से 0.95 किमी वार्ड नंबर 9 में 1.33 करोड़ की लागत से 1.90 किमी,वार्ड 10 में 1.08 करोड़ की लागत से 2 किमी, 11 में 0.40 करोड़ की लागत से 1 किमी, वार्ड 12 में 1.06 करोड़ की लागत से 2.50 किमी ,वार्ड 13 में 1.91 करोड़ की लागत से 3.50 किमी, वार्ड 14 में 0.60 करोड़ की लागत से 1 किमी, वार्ड 15 में 0.56 करोड़ की लागत से 1.50 किमी, वार्ड 16 में 0.36 करोड़ की लागत से 0.60 किमी, वार्ड 17 में 0.66 करोड़ की लागत से 0.55 किमी, वार्ड 16 में 0.36 करोड़ की लागत से 0.60 किमी, वार्ड 19 में 1.21 करोड़ की लागत से 1.30 किमी, वार्ड 20 में 0.70 करोड़ की लागत से 1 किमी, वार्ड 21 में 0.76 करोड़ की लागत से 1.30 किमी, वार्ड 22 में 0.49 करोड़ की लागत से 0.70 किमी, वार्ड 23 में 0.39 करोड़ की लागत से 0.50 किमी, वार्ड 24 में 2.03 करोड़ की लागत से 1.75 किमी, वार्ड 25 में 1.05 करोड़ की लागत से 1.50 किमी, वार्ड 26 में 0.76 करोड़ की लागत से 0.70 किमी, वार्ड 27 में 0.88 करोड़ की लागत से 1.60 कमी, वार्ड 28 में 1.07 करोड़ की लागत से 2 किमी, में वार्ड 29 में 0.38 करोड़ की लागत से 1 किमी, वार्ड 30 में 1.08 करोड़ की लागत से 0.90 किमी, वार्ड 31 में 1.05 करोड़ की लागत से 5.50 किमी, वार्ड 32 में 0.52 करोड़ की लागत से 1.10 किमी, वार्ड 34 में 0.90 करोड़ की लागत से 0.95 किमी,वार्ड 35 में 0.85 करोड़ की लागत से 1 किमी, वार्ड 36 में 0.54 करोड़ की लागत से 1.35 किमी, वार्ड 37 में 0.25 करोड़ की लागत से 0.35 किमी, वार्ड 38 में 0.20 करोड़ की लागत से 0.50 किमी,वार्ड 39 में 0.48 करोड़ की लागत से 0.85 किमी, वार्ड 40 में 1.90 करोड़ की लागत से 2 किमी, वार्ड 41 में 0.54 करोड़ की लागत से 1.20 किमी, वार्ड 42 में 0.56 करोड़ की लागत से 0.60 किमी की सड़के बनायी जायेगी।
इसके अतिरिक्त भेरू सिंह शेखावत क्रिकेट स्टेडियम के लिए 1 किमी की संपर्क सड़क, बीपीइडी कॉलेज से गर्ल्स हॉस्टल तक 1 किमी की सड़क, सैनिक स्कूल इंजीनियरिंग कॉलेज स्विमिंग पूल,इंडोर स्टेडियम 1.05 किमी संपर्क सड़क ,बास्केटबॉल ग्राउंड से सैनिक स्कूल तक 0.85 किमी,गेट नंबर 10 से इंजीनियरिंग कॉलेज तक 3.25 किमी, तथा इंजीनियरिंग कॉलेज गेट से इंडोर स्टेडियम मेन गेट के सामने 0.50 किमी किमी की सड़के बनाई जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएलजी की बैठक सम्पन्न



**चमकता राजस्थान / रमेश मोदी।** चौमहला /झालावाड़। आगामी त्योहारों को लेकर शनिवार शाम पुलिस थाना परिसर में उप पुलिस अधीक्षक कालूराम वर्मा की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक सम्पन्न हुई जिसमे नायब तहसीलदार मोहनलाल,सीआई नंदकिशोर वर्मा सहित गंगधार चौमहला के सीएलजी सदस्यो व आयोजक मंडलों ने भाग लिया।
बैठक में आगामी 26 अगस्त को होने वाले जन्म अष्टमी के पर्व , 40 वे के मोहरर्म,शंकर सवारी को लेकर चर्चा की गई,उप पुलिस अधीक्षक ने सभी कार्यक्रमों के रूट,समय की जानकारी ली,सदस्यो ने बताया की जन्माष्टमी का मुख्य समारोह सत्यनारायण मंदिर व राधा कृष्ण मंदिर पर होगा यहां रात्रि 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक श्रद्धालुओ का आना जाना बना रहेगा, मोहरर्म व शंकर सवारी दोनो एक ही दिन होने से शिव मंडल अध्यक्ष प्रदीप डोसी ने कहा शंकर सवारी शाम 5 बजे शुरू होगी जिसका मार्ग झंडा चोक ,कुंडला रोड,अदालत रोड होकर वापिस मंदिर पहुंचेगी, मोहरर्म के लाइसेंस दार आबिद हुसैन ने कहा ,जन्म अष्टमी के त्योहार को ध्यान में रखते हुए हमारा मार्ग सब्जी मंडी होते हुए पंचायत भवन रहेगा तथा 12 बजे तक पंचायत के यहा ही मोहरर्म रहेंगे,जन्म अष्टमी के कार्यक्रम के समापन के बाद ही जलसा आगे बड़ेगा,सभी सदस्यों ने पुलिस प्रशासन का आश्वत किया सभी कार्यक्रम आपसी तालमेल से शांतिपूर्ण ढंग से प्रेम भाईचारे के साथ संपन्न होगे। बैठक में शिव मंडल अध्यक्ष प्रदीप डोसी,अशोक कटारिया शयामलाल टेलर,अंजुमन कमेटी सदर अमजद खान,लाइसेंसदार आबिद हुसैन, पिरु भाई,साजिद अली,किराना व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पिछोलिया,व्यापार संघ उपाध्यक्ष कान्हा राठौर,दिलीप मोरी,भव्य गुप्ता,मनोहर मेहता,सुदर्शन मेहता,पारस मेहता सहित सीएलजी सदस्य मोजूद रहे।

### जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने आरबीएम अस्पताल के नवनिर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव एक बार फिर शनिवार को जिला आरबीएम अस्पताल के नवनिर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करने के लिए पंहुचे। जहां उन्होंने अस्पताल की विभिन्न मंजिलों पर हो रहे निर्माण कार्य को देखा। जिला कलेक्टर ने निर्माण कर रही फर्म के अधिकारियों को नवनिर्माणाधीन भवन में वेंटीलेशन सहित विभिन्न कार्यों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेंटीलेशन इस प्रकार का रखा जाए जिससे गर्मी के मौसम में मरीजों को परेशानी ना उठानी पड़े। उन्होंने नई भवन में बन रहे ऑपरेशन थियेटर को लेकर भी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर आरबीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ नगेन्द्र भदोरिया सहित भवन का निर्माण कार्य देख रहे अधिकारी भी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर के द्वारा लगातार कुछ महीनों से आरबीएम अस्पताल की नवनिर्माणाधीन बिल्डिग का निरीक्षण कर बिल्डिग के निर्माण कार्यों का जायजा लिया जा रहा है। जिला कलेक्टर का मानना है कि मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सके। इसके लिए नई बिल्डिग मिलने के बाद काफी सुधार होगा। आरबीएम अस्पताल के नए भवन के निर्माण होने के बाद आरबीएम अस्पताल में कई स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाएं शुरू की जाएंगी। वहीं भवन का भी बेहतर उपयोग हो सकेगा। अस्पताल की नवनिर्माणाधीन भवन के ग्राउण्ड फ्लोर का कार्य अगले 15 दिन में सम्पन्न होने की संभावना है। वहीं पहली व दूसरी मंजिल का कार्य अगले 15 सितम्बर होने की संभावना जताई जा रही है।

# सीताराम गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में हुआ सीएसआर सम्मलेन

## सरकार के साथ औद्योगिक घरानों को विकास कार्यों में नवाचार करने होंगे : गुप्ता

चमकता राजस्थान






भरतपुर (राजवीर सिंह) औद्योगिक घरानों का सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) 14 वा सम्मलेन ग्रामीण विकास के ज्ञाता एवं समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीता राम गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ ! जिसकी अध्यक्षता प्राकर्तिक खेती के जनक पदम् श्री डॉ. सुभाष पालेकर ने की ! सम्मलेन में विभिन्न औद्योगिक घरानों के प्रतिनिधि एवं ग्रामीण विकास व आर्थिक उन्नयन के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए । सम्मेलन में मुख्य अतिथि सीताराम गुप्ता ने कहा कि अब समय आ गया है जब औद्योगिक घरानों को गरीबी उन्मूलन व कम आय वाले समुदायों के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों में सरकार के साथ औद्योगिक घरानों को प्रभावी व समावेशी विकास के लिए नवाचार करने होगें। उन्होंने कहा कि नवाचार सिर्फ चर्चा का विषय नहीं रहे, बल्कि जिस समुदाय एवं क्षेत्र के लिए कार्य किया जा रहे है उनकी आवशयकता, क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों व उनकी सक्रिय भागीदारी को पहचान कर सामाजिक व आर्थिक क्षेत्र में बदलाव लाना होगा। गुप्ता ने यह भी कहा कि औद्योगिक घरानों को अपने कार्यो में पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना होगा। जिस प्रकार डा० सुभाष पालेकर द्वारा प्राकृतिक खेती के प्रोत्साहन के लिए कार्य किया जा रहा है। ऐसे कार्य से पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ कृषिलागत कम हुई है और गुणकता पूर्ण उत्पाद प्राप्त होने लगे हैं। मुख्य वक्ता के रूप में गुप्ता ने भरतपुर जिले में किये जा रहे ग्रामीण विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले की प्रत्येक पंचायत समिति में उपलब्ध संसाधनों पर आधारित स्वरोजगार के कार्य शुरु कर नवाचार शामिल किये गये है। जिसके सार्थक परिणाम प्राप्त हुए है। उन्होंने कहा कि समावेशी विकास में महिलाओं, युवाओं व निशक्त व्यक्तियों को भी आवशयक रूप से शामिल किया जाये तभी सार्थक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। सम्मेलन के अध्यक्ष सुभाष पालेकर, पीपल बाबा स्वामी प्रेम परिवर्तन व आल इंडिया आर्टिफिशयल क्राफ्ट पर्सन एसोसिएशन की मीनू चौपड़ा, कैरियर इंडिया के निदेशक संजय शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। प्रारंभ में सम्मेलन के आयोजक रुसैन कुमार ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन से सी एस आर के तहत किये जा रहे कार्यों के अनुभव साझा होते है जिससे विकास कार्यों को और गति मिलते है ! इस अवसर पर सी एस आर के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं प्रभावी कार्य करने वालो को सी एस आर अवार्ड 2024 भी प्रदान किए गए।

### तीन दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट रेफरी क्लिनिक का आज हुआ समापन, संरक्षक राजीव अरोड़ा रहे मुख्य अतिथि



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** 22 अगस्त से राजधानी जयपुर में चल रहे टेनिस बाल क्रिकेट रेफरी क्लिनिक का आज आखिरी दिन समापन समारोह आयोजित हुआ। रंगारंग समापन समारोह में राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के चेयरमैन और संरक्षक राजीव अरोड़ा मुख्य अतिथि रहे। टेनिस बॉल क्रिकेट के राष्ट्रीय अंपायर समिति के फारुख खान ने समापन समारोह में राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट के इस शानदार आयोजन के लिए राजीव अरोड़ा और टीम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया। चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने प्रशिक्षु अभ्यार्थी को संबोधित करते हुए खेल में अनुशासन और सुगम संचालन में अंपायर और रेफरी की भूमिका एवम महत्व की पराकाष्ठा पर चर्चा की। राजीव अरोड़ा ने कहा टेनिस बॉल क्रिकेट के नियम सामान्य क्रिकेट से थोड़े भिन्न है जिनमे बारीकियों को समझाने और खेल को सुगम संचालन के लिए इस क्लिनिक का भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा और क्लिनिक से प्रशिक्षित अंपायर और रेफरी खेल में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। समापन कार्यक्रम में राज्य संघ के अध्यक्ष मुंशी खान, सचिव सलीम खान ने जिला संघ के डेप्युटी अध्यक्ष नितिन शारदा भगेरिया, उपाध्यक्ष अनिल गोयल, संयोजक मंजूर बेग को सफल आयोजन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### सैनी समाज के नवनिर्वाचित निर्विरोध अध्यक्ष चंदर सैनी का किया स्वागत



**चमकता राजस्थान। वैर (राजवीर सिंह)।** सैनी समाज के नवनिर्वाचित निर्विरोध अध्यक्ष चन्दर सिंह सैनी का वैर पहुंचने पर सैनी समाज वैर तहसील के कुम्हेर गेट चौराये पर साफा एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।स्वागत कार्यक्रम के दौरान वैर सैनी समाज के अध्यक्ष फूलसिंह सैनी,पूर्व नगरपालिका चेयरमैन मुकेश सैनी,भजनलाल सैनी,भगवानसिंह सैनी, रमेश सैनी, राजेंद्र सैंनी, प्रकाश सैनी मौजूद रहे।

### सरमथुरा उपखंड के खरौली गांव में हीरामन बाबा का मेला शुरू

चमकता राजस्थान

**धौलपुर(रामदास तरुण)** सरमथुरा उपखंड के खरौली गांव में हीरामन बाबा के मेले का हर साल की भांति मेला का उद्घाटन बसेड़ी विधायक संजय कुमार जाटव के द्वारा किया गया! इस कार्यक्रम के मौके पर बसेड़ी विधायक संजय कुमार जाटव गॉव खरौली में हीरामन देव की जात में आये, ग्राम के पांच पटेलों के द्वारा पगड़ी एवं पुष्पा माला पहनाकर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया! विधायक एक छोटे से अनुरोध पर शाम 5 बजे पधारे! ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया! अनेक श्रद्धांलुओं के साथ देव दर्शन किये! ग्रामीणों ने विधायक मांग की, इसी मौके पर विधायक ने मांग को जल्दी पूरा कराने का आश्वासन दिया! ग्रामीणों ने विधायक का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया! हजारों लोगों ने विधायक जाटव की मिलनसारिता की तारीफ की! युवाओं ने जमकर, विधायक व कांग्रेस के नारे लगाए!



# जेन-एक्स डिलीवरी के लिए पड़ोसियों पर निर्भर व मिलेनियल्स तकनीकी समाधान को देते हैं प्राथमिकता, गोदरेज एंड बॉयस के लॉक्स बिजनेस की ओर से किए गए एक अध्ययन का निष्कर्ष

## जेनरेशन एक्स के 59% लोग डिलीवरी के लिए पड़ोसियों पर निर्भर हैं, जबकि मिलेनियल्स के 52% लोग ऐसा करते हैं

चमकता राजस्थान

**मुंबई।** गोदरेज एंड बॉयस द्वारा लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स बिजनेस, जो गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का हिस्सा है, ने हाल ही में 'सुरक्षित रहें, स्वतंत्र रूप से जिएँ' नामक एक सर्वेक्षण किया, जिसमें डिलीवरी हैंडलिंग के बारे में पीढ़ीगत व्यवहारों के बारे में आकर्षक जानकारी सामने आई। सर्वेक्षण में पाया गया कि जेन एक्स के हर पाँच में से लगभग तीन उत्तरदाता (59%) डिलीवरी के प्रबंधन के लिए अपने पड़ोसियों पर निर्भर हैं, जो भरोसेमंद स्थानीय कनेक्शन का लाभ उठाने के लिए एक मजबूत प्राथमिकता को दर्शाता है। यह पीढ़ी स्थापित सामुदायिक संबंधों द्वारा दी जाने वाली सुरक्षा और विश्वसनीयता को महत्व देती है। इसकी तुलना में, केवल 52% मिलेनियल डिलीवरी के लिए अपने पड़ोसियों पर निर्भर हैं, जो तकनीकी समाधानों की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव का संकेत देता है। मिलेनियल डिलीवरी लॉजिस्टिक्स को संभालने के लिए डिजिटल टूल और स्मार्ट तकनीक का उपयोग करने के लिए अधिक इच्छुक हैं।
जैसे-जैसे सुरक्षित और सुव्यवस्थित डिलीवरी समाधानों की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे विश्वसनीय घरेलू सुरक्षा की आवशयकता भी बढ़ रही है। गोदरेज एंड बॉयस के अभिनव सुरक्षा सिस्टम द्वारा बनाए गए लॉक्स, अपने अत्याधुनिक डिजिटल लॉक्स के साथ इन जरूरतों को पूरा करते हैं, जो सुरक्षा और सुविधा का एक सहज मिश्रण प्रदान करते हैं। बिना चाबी के प्रवेश, रिमोट एक्सेस और रियल-टाइम नोटिफिकेशन जैसी सुविधाओं के साथ, ये डिजिटल लॉक जेन एक्स और मिलेनियल्स दोनों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।
इन निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज एंड बॉयस के लॉक्स एंड आर्किटेक्चरल फिटिंग्स एंड सिस्टम्स व्यवसाय के बिजनेस हेड श्री शयाम मोटवानी ने कहा, ₹यह समझना कि अलग-अलग पीढ़ियाँ अपनी डिलीवरी कैसे प्रबंधित करती हैं, हमारे उपभोक्ताओं की अनूठी ज़रूरतों और प्राथमिकताओं को संबोधित करने के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे हालिया अध्ययन से जेन एक्स और मिलेनियल्स के बीच डिलीवरी निर्भरता में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है, जिसमें जेन एक्स के अपने पड़ोसियों पर निर्भर होने की अधिक संभावना है। यह अंतर्दृष्टि ऐसे समाधान प्रदान करने के महत्व को उजागर करती है जो न केवल सुरक्षा को बढ़ाते हैं बल्कि सुविधा और लचीलापन भी प्रदान करते हैं। गोदरेज एंड बॉयस में, हम अपने उन्नत डिजिटल लाॅक सिस्टम के साथ इन ज़रूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित हैं, जिन्हें घर की सुरक्षा को सुव्यवस्थित करने और डिलीवरी के बेहतर प्रबंधन की सुविधा के लिए डिज़ाइन किया गया है। लोकप्रिय ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म पर अपने उत्पादों की पेशकश करके, हम सुनिश्चित करते हैं कि जेन एक्स और मिलेनियल्स दोनों ही आसानी से नवीनतम सुरक्षा तकनीक तक पहुँच सकें। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को ऐसे अभिनव समाधानों से सशक्त बनाना है जो उनकी आधुनिक जीवनशैली में सहजता से फिट हों। हम हर उपभोक्ता समूह की अनूठी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद ऑफ़रिंग को नया रूप देने और अनुकूलित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सुरक्षा और सुविधा से कभी समझौता न किया जाए।₹
ब्रांड इन पीढ़ीगत बारीकियों को समझता है और इन विविध आवशयकताओं को पूरा करने वाले उत्पाद बनाने के लिए समर्पित है। जनरेशन एक्स के लिए, जो समुदाय के विश्वास और स्थापित संबंधों को महत्व देते हैं, गोदरेज विश्वसनीय और उपयोगकर्ता के अनुकूल लॉकिंग समाधानों की एक श्रृंखला प्रदान करता है जो उनकी जीवन शैली में सहज रूप से एकीकृत होते हैं। मिलेनियल्स के लिए, जो सुविधा और तकनीकी एकीकरण को प्राथमिकता देते हैं, गोदरेज उन्नत स्मार्ट लॉक और डिजिटल समाधान प्रदान करता है जो सुरक्षा और उपयोग में आसानी दोनों को बढ़ाता है।
'सुरक्षित रहें, स्वतंत्र रूप से जिएँ' अध्ययन का उद्देश्य सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट-होम उपकरणों को अपनाने पर मानव व्यवहार को समझना है। सर्वेक्षण के निष्कर्ष पीढ़ियों में डिलीवरी हैंडलिंग की विकसित गतिशीलता को उजागर करते हैं, व्यक्तिगत समाधानों के महत्व को रेखांकित करते हैं। यह मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बैंगलोर और भोपाल सहित पाँच शहरों में 2,000 व्यक्तियों के बीच किया गया था।

# राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम की महत्वपूर्ण बैठक हुई आयोजित

## बैठक में निगम की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने पर फोकस

चमकता राजस्थान







**जयपुर!(खलील कुरैशी) 24 अगस्त।** राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के साथ ही अल्पसंख्यकों के लिए प्रक्रिया सुलभ बनाने पर जोर दिया जाना चाहिए। ये कहना है निगम प्रशासक आरएमएफडीसी एवं शासन सचिव, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग,राजन विशाल का। उन्होंने राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर के सभागार में सम्पन्न हुई निगम की वार्षिक साधारण सभा की बैठक के दौरान अधिकारियों से फीडबैक लिया। ऋण योजनाओं का किया जाए सरलीकरण- राजन विशालबैठक के दौरान राजन विशाल ने निगम की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए निगम द्वारा ऋण योजनाओं का प्रभावी संचालन किए जाने वाले नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने निगम में ऑनलाइन प्रण ाालीलागूकरने,आरएसएलडीसी से एमओयू किए जाने, ऋण प्रक्रिया का सरलीकरण किए जाने जैसे उपायों पर भी फोकस करने के निर्देश दिए। काम का फीडबैक, सुझावों पर चर्चाबैठक में निगम के वर्ष 2021-22 और 2022-23 के अंकेक्षित लेखों,

### शासन सचिव राजन विशाल ने दिए दिशा-निर्देश

### अल्पसंख्यकों के लिए सुलभ-सरल बनाई जाए प्रक्रिया : राजन विशाल

ऑडिट रिपोर्ट तथा अनुपालना रिपोर्ट पर विचार पर अनुमोदन किया गया। बैठक में निगम की कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाए जाने हेतु ऑनलाइन ऋण प्रणाली लागू किएजाने,ऋणविकेन्द्रीकरण व्यवस्था लागू करने एवं ऋणों की वसूली हेतु प्रोत्साहन योजना लागू किए जाने समेत अन्य सुझावों पर भी चर्चा की गई।बैठक में निगम के प्रबंध निदेशक भंवरलाल मेहरड़ा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एण्डोक्राइन सोसायटी ऑफ़ राजस्थान (राज एसिकॉन) की द्वितीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया उद्घाटन

- आजकल की भागदौड़ में शरीर में हॉर्मोन का असंतुलन एक बड़ी समस्या : खर्रा



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** एंडोक्राइन सोसायटी ऑफ़ राजस्थान की द्वितीय दो दिवसीय राज्यस्तरीय कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर, झालाना डूंगरी में शनिवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में शहरी विकास एवं आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की।इस अवसर पर खर्रा ने कहा कि आजकल की भागदौड़ में शरीर में हॉर्मोन का असंतुलन एक बड़ी समस्या है, जिससे बहुत सी हॉर्मोन से सम्बन्धित बीमारियां जैसे मधुमेह, थायरॉइड पनप रही हैं, जिनके रोकथाम एवं उपचार हेतु चिकित्सकों द्वारा मेहनत कर नए अविष्कारों द्वारा जो सुगम एवं प्रभावी चिकित्सा पद्धति विकसित की जा रही है इसके लिए सभी चिकित्सक धन्यवाद के पात्र है। उन्होंने कहा कि जिस तेज़ी से असंतुलित आहार, अस्वस्थ जीवनशैली के कारण समाज में हॉर्मोन से सम्बन्धित बीमारियां बढ़ रहीं हैं इस हेतु सभी चिकित्सकों से आ''ान किया कि वे दवाइयों से
रोगों के उपचार के साथ ही लोगों को प्राकृतिक दिनचर्या एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनानें के लिए भी प्रेरित करें। कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेकेट्री, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय में एंडोक्राइनोलोजी विभाग के सह आचार्य डॉ. संजय सारण ने बताया कि पीसीओडी, मोटापा एवं अन्य महिला हॉर्मोन रोगों के इलाज एवं ग्रोथ हॉर्मोन एवं डायबिटीज़ के इलाज में नवीनतम तकनीक इन्सुलिन पम्प के उपयोग के बारे कॉन्फ्रेंस में पधारे चिकित्सकों द्वारा विचार- विमर्श किया गया।

### के जी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटपूतली में हर्षोल्लास से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली-बहरोड (धर्मेंद्र बंसल) 24 अगस्त।** कोटपुतली, कस्बा स्थित के जी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, में शनिवार को कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निर्देशक धर्मेंद्र बंसल, प्रधानाचार्य पारस बंसल, प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार गुर्जर व कोऑर्डिनेटर सोनम खान द्वारा की गई । संस्था के निदेशक धर्मेंद्र बंसल ने कहा कि हिंदू धर्म में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का खास महत्व है। मान्यता है कि जन्माष्टमी के दिन लड्डू गोपाल का जन्म हुआ था। वैदिक पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है। इस दिन सभी लोग बाल गोपाल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते है। जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण जी के मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया जाता है। विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव पर अनेक सुंदर झाकियां प्रस्तुत की गई। कृष्ण रूप में बने गर्वित शर्मा सुपोत्र वेद प्रकाश शर्मा द्वारा मटकी फोड़ी गई व केक काटकर भगवान कृष्णा का जन्मदिन मनाया गया। विधार्थियो द्वारा कृष्ण सुदामा की मित्रता का संदेश देते हुए नाटकीय प्रस्तुति दी गई । मंच का संचालन राजेश कुमार पटेल द्वारा किया गया।सुदामा बने हितेश गुर्जर सन ऑफ कैलाश गुर्जर ने अपने नाटकीय रूप से सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम में अध्यापक अध्यापिकाओं में मोनिका शर्मा, रितिका यादव, तारा मीना, साक्षी चौहान, पायल पायल चौहान, अजय कुमार सैनी, रोहित शर्मा, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, गौरव, यश बंसल , धोली देवी यादव, धोली देवी स्वामी सहित विधार्थी व परिजन उपस्थित रहें।

# हैं नमन उनको, ए ट्रिब्यूट टू रियल हीरोज कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

## देशभक्ति,शौर्य, त्याग, वीरता के प्रतिक देश के वास्तविक हीरों सैनिकों की बहादुरी और वीरांगनाओं का बलिदान हमारे लिए आदर्श प्रेरणा स्रोत : सीएम भजनलाल

चमकता राजस्थान




**जयपुर (खलील कुरैशी)** हैं नमन उनको ए ट्रिब्यूट टू रियल हीरोज कार्यक्रम का शानदार आयोजन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचन्द बैरवा,जीओसी 61 सब एरिया मेजर जनरल राय सिंह गोदारा एवं अतिथि ग्रेटर निगम मेयर सौम्या गुर्जर,हैरिटेज निगम मेयर मुनेश गुर्जर,विधायक बालमुकुन्द आचार्य,जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित आदि रहे इस दौरान अतिथियों ने शॉल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह व 21 हजार की राशि का चैक प्रदान कर सम्मानित किया इस क्रम में शाहपुरा शहीद मुकेश कुमार बुनकर की वीरांगना बीना देवी को भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया इस मौके पर शहीद मुकेश कुमार बुनकर के भाई विकास कुमार जेवरिया,सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर,निकिता वर्मा,रवि जेवरिया सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यकम में शहीद के परिजनों ने मुख्यमंत्री शर्मा को शहीद के परिजनों को भूमि आवंटन,शहीद परिजनों को विधायक कोष से स्वीकृत होने वाली राशि शीध्र प्रदान करने सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। अतिथियों ने शहीद मुकेश कुमार बुनकर सहित देश के शहीदों को नमन किया।

### वीरांगना बीना देवी को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया

#### मरणोपरांत मिला था शौर्य वीरता मेडल

इस दौरान शहीद के पिता रामसहाय,सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर,विकास कुमार जेवरिया आदि का भी सम्मान किया गया। शहीद के भाई विकास जेवरिया,सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर ने बताया कि मुकेश कुमार बुनकर का 2007 में सीआरपीएफ में चयन हुआ था। वर्ष 2012 में झारखंड के रांची में 50 नक्सलियों ने बटालियन पर हमला कर दिया। यहां नक्सलियों से मुठभेड़ में मुकेश के 4 गोलियां लगी, फिर भी उसने चार नक्सलियों को मार गिराया। घायल मुकेश ने दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान 24 सितंबर 2012 को अंतिम सांस ली। शहीद मुकेश कुमार बुनकर को मरणोपरांत तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा शौर्य वीरता मेडल से भी सम्मानित किया था।

# जयपुर विकास प्राधिकरण निरंतर और निर्बाध रूप से कर रहा है अवैध निर्माणों, अतिक्रमणों के खिलाफ सकारात्मक कार्रवाई

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)** नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत सांगानेर में पुरातत्व महत्व के दरवाजो के आस-पास व रोड पर किये गये अतिक्रमणों को हटवाकर रोड़ सीमाओं को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त(1).प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 24.08.2024 को नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत जोन-08 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित सांगानेर में पुरातत्व महत्व के दरवाजों जयपुर गेट, मालपुरा गेट, त्रिपोलिया गेट, चाकसू गेट के आस-पास व रोड़ पर अवैधरूपसेकब्जा-अतिक्रमण कर करीब 25 स्थानों पर लगाये गये थडी, ठेले, त्रिपाल, होर्डिंग, साइन बोर्ड इत्यादि अवैध कब्जे अतिक्रमणों को नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान का आयोजन कर जोन-08 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिकणमण मुक्त कराया गया।उक्त कार्यवाही उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-08, 11, नगर निगम का जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।जोन-07:- वैशाली नगर चित्रकूट आदित्य विहार भूखण्ड संख्या-32, 33 में जी.एम.डी. बिल्डर्स के द्वारा अनुमोदित मानचित्रके विपरीत बनाये जा रहे अवैध बेसमेन्ट को भरवाया रोड़ सीमाओं को करवायाकब्जा-अतिक्रमण मुक्त।(2). प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 24.08.2024 को जोन-07 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित वैशाली नगर चित्रकूट आदित्य विहार में भूखण्ड संख्या-32, 33 में जी.एम.डी. बिल्डर्स द्वारा अनुमोदित मानचित्र के विपरीत अवैध रूप से बेसमेन्ट का निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अतिरिक्त बनाये जा रहे बेसमेन्ट को भरवाया गया एवं भूस्वामी द्वारा रोड़ सीमापरअवैधकब्जा-अतिक्रमण किये जाने पर धारा 72 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध अतिक्रमण हटाने हेतू पाबंद किया गया था परन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाये जाने पर आज जोन-07 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड सीमा को अतिकणमण मुक्त कराया गया।उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-07 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई

### जयपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में एसीबी कार्रवाई के बाद जेडीसी मंजू राजपाल ने लिया बड़ा एक्शन :

- 7 अधिकारी- कर्मचारियों को किया निलंबित, 11 उपायुक्तों के बदले जोन




**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर विकास प्राधिकरण में एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने शुक्रवार शाम तहसीलदार, जेईएन, पटवारी समेत 7 लोगों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। इसके बाद जेडीसी मंजू राजपाल ने 7 अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित कर अपने मूल विभाग में भेज दिया है। वहीं, लंबे समय से तैनात जोन उपायुक्त केकामकाज में भी बदलाव किया है।इन अधिकारियों-कर्मचारियों को किया गया निलंबितड्ट गुलाब चंद, उपायुक्त जेडीए सेवाड्ट लक्ष्मीकांत गुप्ता, नायब तहसीलदार प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग राजस्व मंडल)ड्ट श्रीराम शर्मा, पटवारी प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर)ड्ट खेमराम मीणा, कनिष्ठ अभियंता नगरीय विकास विभागड्ट रविकांत शर्मा, भू अभिलेख निरीक्षक प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर)
रूक्मणी कुमारी, भू अभिलेख निरीक्षक प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर) विमला मीणा पटवारी प्रतिनियुक्ति पर (पैतृक विभाग जिला कलक्टर, जयपुर)
(निलंबन काल के दौरान निलंबित किए गए अधिकारी और कर्मचारी अपने पैतृक विभाग में उपस्थिती देंगे।

संक्षिप्त समाचार

## प्रदेश बनेगा मेडिकल ट्यूरिज्म का हब, चिकित्सा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचा में किया जा रहा अभूतपूर्व विकास :- शुभ्रा सिंह

● जल्द आएगी 'हील इन राजस्थान' पॉलिसी, स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ेंगे निवेश एवं रोजगार के अवसर

**चमकता राजस्थान।** जयपुर( खलील कुरैशी) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में राजस्थान को मेडिकल ट्यूरिज्म के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए लगातार नीतिगत फैसले लिए जा रहे हैं। इस दिशा में जल्द ही 'हील इन राजस्थान' पॉलिसी लाई जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयार किए गए पॉलिसी के प्रारूप पर शनिवार को सभी हितधारकों के साथ विस्तृत चर्चा कर सुझाव लिए गए। इन सुझावों के आधार पर नीति को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा।चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश में मेडिकल वेल्यू ट्यूरिज्म बढ़ाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। एसीएस ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान में चिकित्सा के क्षेत्र में एक नए युग का सूत्रपात कर रही है। इसी सोच के साथ इस वर्ष के बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कुल बजट का 8.26 प्रतिशत प्रावधान स्वास्थ्य के लिए किया गया है। यह अब तक का सर्वाधिक बजट प्रावधान है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान में चिकित्सा के क्षेत्र मेंआधारभूत ढांचे का तेजी से विकास किया जा रहा है। विश्व स्तरीय संस्थानों का निर्माण यहां हो रहा है। होलिस्टिक एप्रोच के साथ ऐलोपैथी एवं आयुष चिकित्सा तथा वैलनेस गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सवाई मानसिंह अस्पताल में आयुष्मान टॉवर का निर्माण, दो मेडिसिटी एवं मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना, हर जिले में मेडिकल कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज, टेलीमेडिसिन को बढ़ावा, निजी क्षेत्र में भी कई उच्च श्रेणी के चिकित्सा संस्थानों का प्रदेश में आना ऐसे कदम हैं, जिनसे राजस्थान मेडिकल ट्यूरिज्म की दिशा में नई ऊंचाइयां छुएगा। साथ ही, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में भी पोर्टेबिलिटी का प्रावधान जल्द ही होने से यहां बाहर के राज्यों के रोगी उपचार के लिए आ सकेंगे। एसीएस ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर उत्थान होने, वाजिब दरों पर सुगमतापूर्वक उपचार उपलब्ध होने से प्रदेश में मेडिकल ट्यूरिज्म की संभावनाएं तेजी से विकसित हुई हैं। नीतिगत निर्णयों के माध्यम से राज्य सरकार इन संभावनाओं को और अधिक विस्तार देना चाहती है।



## झालावाड़ जिले में थाना कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

● तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, एटीएम लूटने का किया था प्रयास, असफल होने पर बाहर लगे सीसीटीवी चोरी कर ले गए

**चमकता राजस्थान। जयपुर/झालावाड़ !(खलील कुरैशी) 24 अगस्त।** कोतवाली थाना इलाके में एसआरजी अस्पताल के सामने आईडीबीआई बैंक के बाहर लगे एटीएम से रुपए चुराने का प्रयास करने एवं असफल होने पर बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चोरी की वारदात का खुलासा कर पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी सुरेश बैरवा पुत्र जगन्नाथ (26) निवासी खोयरा थाना भवानी मंडी एवं सत्यनारायण उर्फ सत्तु बैरवा पुत्र घनश्याम (23) व अनिल बैरवा पुत्र सत्यनारायण (23) निवासी उण्डल थाना सदर झालावाड़ को गिरफ्तार कर चोरी गए सीसीटीवी कैमरे बरामद किए हैं। फिलहाल पुलिस की टीम इनसे चोरी की अन्य वारदातों एवं इनके गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ कर रही है।एसपी तोमर ने बताया कि घटना के संबंध में 20 अगस्त को आईडीबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक अशोक कुमार मीणा ने थाना कोतवाली पर रिपोर्ट दी कि रात के समय अज्ञात बदमाशों ने बैंक के एटीएम के साथ छेड़छाड़ की तथा एटीएम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चुरा कर ले गये। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा व सीओ हर्षराज सिंह खरेड़ा के सुपरविजन एवं एसएचओ चंद्र ज्योति शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।टीम द्वारा एक्शन प्लान के तहत चोरी व नकबजनी की वारदात वाले स्थानो का चयन कर मौके पर लगे सभी सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर सन्दिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने आसूचना तंत्र के माध्यम से लगातार निगरानी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त व्यक्तियों से पूछताछ कर घटना का खुलासा करते हुए आरोपी सुरेश बैरवा, सत्तू उर्फ सत्यनारायण बैरवा एवं अनिल बैरवा को गिरफ्तार किया।



## भामाशाह के सहयोग से मदरसा के अध्ययनरत बच्चों को बांटे गये स्कूल बैग

● स्कूल बैग पाकर छात्र- छात्राओं के खिलें चेहरे



**चमकता राजस्थान। जयपुर/झुंझुनूं!(खलील कुरैशी)** कस्बे में शनिवार को मदरसा मुफीदुल इस्लाम मे भामाशाह के सहयोग से सैकड़ों विधार्थियों को बैग वितरित किए गए। मदरसा में बैग वितरण करते हुए मदरसा के शिक्षा अनुदेशक अब्दुल हमीद खान व फारुक सौलंकी ने भामाशाह संजीव त्रिहान को प्रेरित करके मदरसा में बैग का वितरण किया गया। इस बैग का उपयोग मदरसा में आने वाले छात्र-छात्राएं अपनी पाठ्य पुस्तक और कॉपियों को रखने में करेंगे। इस अवसर पर मदरसा स्टाफ ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि शैक्षिक हितार्थ किया गया दान सर्वोपरि होता है इस अवसर पर शिक्षा अनुदेशक अब्दुल हमीद खान वसीम कुरैशी, मोहम्मद हारुन कुरैशी, फारुक सौलंकी, अकीला बानों, समीरा बानो, रूखसार बानो, ममता शर्मा व सुशीला कुमावत सहित मदरसा का स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# साथी अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत के जन्मदिवस अभिनंदन कार्यक्रम को हर्षोल्लास और उत्साह मनाया

### दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर कार्यालय में आयोजित हुआ भव्य जन्मदिवस कार्यक्रम

चमकता राजस्थान




**जयपुर ( खलील कुरैशी)** दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर के महासचिव अखिलेश कुमार जोशी ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत एडवोकेट का जन्मदिन समारोह बड़े धूमधाम से डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जयपुर के कार्यालय में सैकड़ो अधिवक्ता व अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थित में मनाया गया व सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की जिसमें सीनियर अधिवक्तागण व जयपुर बार के अध्यक्ष पवन शर्मा जयपुर बार कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह नरुका राजस्थान उच्च न्यायालय से एडवोकेट राजेंद्र सिंह तंवर मुकेश पाल सिंह जादौन, ,नरेंद्र सिंह शेखावत जयपुर बार पुर्व महासचिव संजय व्यास जिला बार पूर्व अध्यक्ष विवेक शर्मा , सयुक्त सचिव मुकुल पार-ीक संगठन सचिव दिलीप सिंह कार्यकरिणी सदस्य नवरत्न सिंह अशोक शर्मा के वी यादव रोशन शर्मा देवेंद्र शर्मा मनीष पार-ीक मुराद बेग भाग चंद कुमावत नमन पारीक प्रदीप सिंह कैलाई तेज प्रताप जितेश पारीक सुरेश कुमावत अनवर खान दीपक सिंह जोधा दिनेश कुमावत भानु राठौड़ रशीदपुरा, बंशीधर जाट विजय शर्मा अभय सिंह महेश प्रताप विनय अर्जुन सिंह राजावत सी पी बलाई विनोद दिक्सित गजराज सिंह तंवर प्रताप सिंह, कुलप्रताप सिंह वअन्य अधिवक्ता शामिल हुए।

# मानव संसाधन मुहैया करवाने की प्रमुख संस्था बने क्रिस्प : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने क्रिस्प की साधारण सभा की बैठक में दिए निर्देश

**भोपाल। एजेंसी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉरमेंस (क्रिस्प) द्वारा प्रदेश में स्थापित हो रही नई औद्योगिक इकाइयों की आवश्यकता के अनुसार बहुमुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएं। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम रोजगार परक हों। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ इंजीनियरिंग कॉलेज और आई.टी.आई के विद्यार्थियों को भी मिले।



क्रिस्प, उद्योगों को दक्ष मानव संसाधन मुहैया करवाने की प्रमुख संस्था बने। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में क्रिस्प संस्था की साधारण सभा की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्योग मंत्री चेतन्य काश्यप, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, कौशल विकास और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल उपस्थित थे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान बैठक से वर्चुअल जुड़े।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चयनित विधाओं में क्रिस्प द्वारा ट्रेनिंग दी जाए। ऐसे कोर्स डिजाइन करें जो युवाओं के लिए उपयोगी हों। क्रिस्प एक महत्वपूर्ण संस्था है, जिसने केन्द्र और राज्य सरकार के विभागों के अमले को दक्ष बनाने में योगदान दिया है। क्रिस्प द्वारा राज्य के हित में रोजगारमूलक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन का कार्य किया जाए। फार्मास्युटिकल, मोबाइल रिपेयरिंग सहित अनेक क्षेत्रों में आज प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता है, इसकी पूर्ति क्रिस्प के माध्यम से की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वृहद स्तर पर प्रशिक्षण का समयबद्ध कार्यक्रम तैयार किया जाए। बैठक में सचिव तकनीकी शिक्षा एम.रघुराज ने प्रेजेंटेशन में बताया कि वर्ष 1997 में भारत सरकार एवं जर्मन शासन के सहयोग से तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत यह स्वायत संस्थान प्रारंभ हुआ।

## जनता भाजपा की नीतियों से खुश, तीसरी बार बनेगी भाजपा सरकार : कंवर

**यमुनानगर। एजेंसी**

कृषि मंत्री कंवर पाल ने जगाधरी विधानसभा में रेलवे रोड बाजार, गढ़ी मुंडो और सैक्टर 17 हुड्डा में जन संपर्क किया और कई मुद्दों पर हल्के की जनता से बातचीत की। कृषि मंत्री कंवर पाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव पूरे प्रदेश और जगाधरी विधानसभा में समान रूप से विकास कार्य करवाए है। भाजपा ने सबका साथ सबका विकास का जो नारा दिया उसे धरातल पर सिद्ध करके दिखाया। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी को हर जगह जनता का प्यार और समर्थन मिल रहा है।

उन्होंने शनिवार को कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने संयुक्त रूप से जनहित में ऐसी ऐतिहासिक योजनाएं बनाई है, जिनका लाभ देश के प्रत्येक व्यक्ति को तो मिल ही रहा है। देश के दूसरे राज्यों की सरकारें भी इस अपना रही है और आज हमारी सरकार की नीतियों एवं योजनाओं के कारण हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शूमार है।



उन्होंने बताया कि किस प्रकार देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से पूर्व लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन भाजपा सरकार ने अपनी लगभग सभी योजनाओं तथा सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को घर बैठे ही उपलब्ध करवाकर अविश्वसनीय काम करके दिखाया हैं।जनता भाजपा की नीतियों से बेहद खुश है। जनता के सहयोग और समर्थन से प्रदेश में प्रचंड बहुमत से तीसरी बार भी भाजपा सरकार बनेगी।

## बांग्लादेश के 11 जिलों में बाढ़ से हालात बदतर, 44 लाख लोग फंसे

**ढाका। एजेंसी**

बांग्लादेश के 11 जिलों में बाढ़ से हालात बदतर हो गए हैं। कुमिला और चट्टोग्राम में तो गुमती और हल्दा नदियों के तटबंधों के कुछ हिस्से बह गए। कमिला और चट्टोग्राम सहित 11 जिलों में 44 लाख लोग फंसे हुए हैं। इस जल आपदा में इन जिलों में 15 लोगों की मौत हो गई।आपदा प्रबंधन मंत्रालय के सहायक सचिव हसन अली ने कहा है कि कमिला में चार, चटोग्राम में चार, फेनी में एक, नोआखाली में एक, ब्राह्मणबारिया में एक, लक्ष्मीपुर में एक और कॉक्स बाजार में तीन लोगों की मौत हो गई। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र द डेली स्टार ने यह जानकारी दी है।



इस अखबार के अनुसार, बांग्लादेश में बाढ़ पूवार्नुमान केंद्र के एक बुलेटिन में कहा गया है कि जैसे ही कमिला, ब्राह्मणबारिया, फेनी और भारत के त्रिपुरा में बारिश रुकी, नदियों का जलस्तर कुछ कम हो गया। केंद्र के कार्यकारी अभियंता सरदार उदय रायहान का कहना है कि लेकिन सात नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। फेनी में संकट सबसे गंभीर है। हजारों लोगों को मोबाइल फोन काम नहीं कर रहे। फेनी में 94 प्रतिशत से अधिक मोबाइल टावर खराब हो गए हैं।

दूरसंचार नियामक ने कहा है कि 12 जिलों में 1,807 टावर खराब हो गए। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के सचिव कमरुल हसन ने संवाददाताओं से कहा कि विभिन्न जिलों के 77 उप जिले लगभग जलमग्न हो गए हैं। कुमिल्ला के बुरिचोंग में गुमती नदी पर तटबंध ढह जाने से लगभग पांच लाख लोग फंस गए।

## जेल में बंद विचाराधीन कैदियों के लिए वकील नियुक्त करें

**नैनीताल। एजेंसी**

हाई कोर्ट ने राज्य के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश दिया कि जमानत पर रिहा होने के लिए व्यक्तिगत बांड प्रस्तुत करने में असमर्थता के कारण जेल में बंद विचाराधीन कैदियों के लिए वकील नियुक्त करें। दस अप्रैल के आदेश के तहत प्राधिकरण को निर्देश दिया गया कि वे उन विचाराधीन कैदियों की हिरासत के संबंध में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करें, जिन्हें जमानत बांड न भरने के कारण रिहा नहीं किया गया।

27 विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सका, क्योंकि उन्होंने अपने जमानत बांड नहीं भरे थे तो विवरण प्रस्तुत करने पर चीफ जस्टिस रितु बाहरी और जस्टिस राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेती जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य के जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।



न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया है कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विनियम, 2006 में 12.जून 2024 के आदेश द्वारा संशोधन करके विधिक सहायता परामर्शदाताओं की फीस में लगभग तीन गुना वृद्धि की है।

## मनेंद्रगढ़ नेशनल हाइवे में आमने सामने से भिड़े दो ट्रक

**मनेंद्रगढ़।** मनेंद्रगढ़ भरतपुरः जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सिद्धबाबा घाट में दो ट्रकों की आमने सामने से टक्कर हो गई। इस एक्सीडेंट में दोनों ट्रकों के ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दोनों ट्रकों के सामने से परखच्चे उड़ गए। घायल ड्राइवर को ट्रक से निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस के अनुसार आज शनिवार सुबह करीब 7 बजे सोनभद्र उत्तर प्रदेश निवासी चालक सूरज कुशवाहा रायपुर से ट्रक क्रमांक सीजी 16आर2351 में माल लेकर मनेंद्रगढ़ स्थित बगई गोल्डन ट्रांसपोर्ट आ रहा था। इसी दौरान मनेंद्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम डंगौरा निवासी राजेश गुप्ता ट्रक लेकर मनेंद्रगढ़ की ओर से जा रहा था। रास्ते में सिद्धबाबा घाट पर सूरज कुशवाहा के ट्रक का ब्रेक फेल हो गया, इससे ड्राइवर ने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया।

## भारतीय कृषि के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करें कृषि वैज्ञानिक: धर्मपाल

**वाराणसी। एजेंसी**

प्रदेश के पशुपालन और डेयरी मंत्री धर्मपाल सिंह ने भारतीय कृषि के सामने आने वाले चुनौतियों के समाधान के लिए युवा कृषि वैज्ञानिकों से आगे आने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कृषि आजीविका, सुरक्षा से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। ऐसे में चुनौतियों से संबंधित प्रमुख मुद्दों को प्रमुख वैज्ञानिक प्रस्तावों के माध्यम से कम करने की आवश्यकता है । पशुपालन मंत्री शनिवार को बीएचयू के कृषि विज्ञान संस्थान परिसर में आयोजित 8वें राष्ट्रीय युवा सम्मेलन के समापन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। सतत् कृषि और आजीविका सुरक्षा के लिए नए परिप्रेक्ष्य विषयक गोष्ठी में मंत्री ने प्रदेश में पशुपालन और डेयरी के क्षेत्र में उपलब्धियों को भी बताया। उन्होंने राज्य में पशुपालन और डेयरी उद्योग के समग्र विकास के लिए राज्य और केंद्र दोनों सरकारों द्वारा की गई विभिन्न प्रमुख पहलों पर भी जोर दिया।



● राज्य में पशुपालन और डेयरी उद्योग के समग्र विकास के लिए राज्य और केंद्र दोनों सरकारों द्वारा की गई विभिन्न प्रमुख पहलों पर भी जोर दिया

अखिल भारतीय कृषि छात्र संघ, एआईएएसए, नई दिल्ली, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली और कृषि विज्ञान संस्थान, बीएचयू, वाराणसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक समुदाय और जीवंत युवा लोगों के एक विविध समूह ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान कृषि और खाद्य सुरक्षा के विभिन्न विषयगत क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। निदेशक, कृषि विज्ञान संस्थान, बी.एच.यू. प्रो. एस.वी.एस. राजू ने स्वागत भाषण दिया। डीन कृषि संकाय, बी.एच.यू.प्रो.यू.पी. सिंह,डॉ. वी.के. त्रिपाठी, वी.रामविलास पासवान, राष्ट्रीय अध्यक्ष, एआईएएसए, नई दिल्ली, एआईएएसए के मुख्य नीति सलाहकार डॉ. सहदेव सिंह ने भी गोष्ठी में विचार रखा। इस अवसर पर सम्मेलन में अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

## कांगड़ा में एक युवक की हत्या, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में बीती रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ढाबे के बाहर सो रहे दो लोगों पर जानलेवा हमला किया गया जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को पहले टांडा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उपचार देने के बाद बाद में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। मृतक ढाबा मालिक का बेटा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला कांगड़ा उपमंडल के तहत गांव ठंडा पानी जस्साई (रतियाड) का है। शुक्रवार रात दो लोग बिट्टू ढाबा के बाहर सो रहे थे। रात 12 बजे के बाद इन पर अज्ञात लोगों ने तेजधार हथियार से हमला कर दिया। इसमें अभिषेक ठाकुर (24) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विजय (45) गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि हमले के बाद विजय मौके से भाग गया और इस घटना की जानकारी मृतक अभिषेक के पिता को दी गई। इसके बाद विजय को घायल अवस्था में टांडा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया। जानलेवा हमला किसने और क्यों किया, पुलिस इसका पता लगा रही है।

## म्यांमार में दो स्वतंत्र पत्रकारों की सेना की छापेमारी में हत्या

**बैंकॉक। एजेंसी**

म्यांमा में दो स्वतंत्र पत्रकारों की सेना की छापेमारी के दौरान हत्या कर दी गई। इसकी जानकारी मारे गए पत्रकारों के साथियों और मीडिया से सामने आयी है। एक पत्रकार की हत्या दक्षिणी राज्य मोन में स्थित घर पर सुरक्षा बलों के छापा मारने के बाद बंधक बनाए जाने के दौरान हुई।

मारे गए पत्रकारों की पहचान डेमोक्रेटिक वॉइस ऑफ बर्मा (डीवीबी) के लिए स्वतंत्र रूप से काम करने वाले विन ह्तूत (26) और ह्तेत म्यात तू (28) के रूप में हुई है। फरवरी 2021 में आंग सान सू ची की निर्वाचित सरकार का तख्तापलट करके सत्ता पर काबिज होने वाली सेना के सुरक्षा बलों के हाथों पत्रकारों की हत्या का यह सबसे ताजा मामला है। पत्रकारों की हत्याओं व गिरफ्तारियों की जानकारी रखने वाले मीडियाकर्मियों के अनुसार कम से कम पांच अन्य मीडियाकर्मियों की हत्या कर दी गई है और कई अन्य को हिरासत में लेकर प्रताड़ित किया गया है।



डीवीबी की सिटीजन जर्नलिस्ट नेटवर्क कार्यक्रम के प्रमुख खिन युपर ने शुक्रवार को बताया कि मोन राज्य के क्याखतो क्षेत्र के लेटप्या गांव में ह्तेत म्यात तू के घर पर बुधवार सुबह नौ बजे सुरक्षा बलों ने छापा मारा था। उस समय क्यैख्तो रिवोल्यूशन फोर्स से जुड़े उनके दोस्त उनसे मिलने आ रहे थे। क्यैख्तो रिवोल्यूशन फोर्स सैन्य शासन का विरोध करने के लिए गठित कई स्थानीय सशस्त्र प्रतिरोध बलों में से एक है। उन्होंने कहा कि जुलाई से घर में रह रहे विन ह्तूत और प्रतिरोध समूह के एक सदस्य की छापे के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई, और एक अन्य गुरिल्ला और ह्तेत म्यात तू को सैनिकों द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद मार दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सिविल सर्विसेज राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल्स में प्रतिभागियों ने दिखाया दम



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद मण्डल के क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि खेल निदेशालय उप्र लखनऊ द्वारा शनिवार को भी सिविल सर्विसेज राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल्स नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में जारी रहा। सिविल सर्विसेज राज्य स्तरीय बैडमिन्टन चयन/ट्रायल्स में चयनित खिलाड़ी महिला एकल 40 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम अयोध्या की शुभांगी सिंह, द्वितीय स्थान पर नेहा रहीं। महिला 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम मथुरा की डॉ. रेनूदास और द्वितीय स्थान पर अर्चना रहीं। पुरुष एकल में 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम लखनऊ के संजीव गुप्ता रहे और द्वितीय नईम अहमद रहे। सिविल सर्विसेज राज्य स्तरीय बैडमिन्टन चयन/ट्रायल्स में चयनकर्ता के रूप में अंतर्राष्ट्रीय बैडमिन्टन खिलाड़ी तुषार शर्मा रहे। इस अवसर पर क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी प्रेम कुमार ने अन्तर्राष्ट्रीय बैडमिन्टन खिलाडी तुषार शर्मा को बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। उप्र ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक, बैडमिन्टन प्रशिक्षक मो. आसिफ सिद्दीकी, फुटबाल प्रशिक्षक सचिन विश्नोई, सीएल वर्मा, प्रदीप सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### पिंडली में खिंचाव के कारण स्कॉटलैंड टी20 सीरीज से बाहर हुए जोश हेजलवुड



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पिछले सप्ताह प्रशिक्षण के दौरान पिंडली में खिंचाव के कारण अगले महीने स्कॉटलैंड के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। अपने आखिरी पांच टी20 मैच 2021 में खेलने वाले रिले मेरेडिथ को टीम में शामिल किया गया है। हेजलवुड की चोट को मामूली बताया गया है और उम्मीद है कि वह सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और वनडे मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, हालांकि चयनकर्ता व्यस्त घरेलू गर्मियों से पहले सतर्क रुख अपना सकते हैं जिसमें भारत के खिलाफ पांच टेस्ट शामिल हैं। मेरेडिथ इंग्लिश सीजन के दौरान व्हाइट-बॉल क्रिकेट में समरसेट के लिए खेले हैं। उन्होंने टी20 ब्लास्ट में 22.78 की औसत से 14 विकेट लिए और तीन वन-डे कप खेलों में छह विकेट लिए, जिसमें लॉर्ड्स में मिडलसेक्स के खिलाफ 27 रन देकर 4 विकेट शामिल हैं, जहाँ समरसेट फाइनल में पहुंच गया है।

### विश्व कप क्वालीफायर के लिए युवा खिलाड़ी एस्टेवाओ ब्राजील की टीम में शामिल



**रियो डी जेनेरियो।** युवा खिलाड़ी एस्टेवाओ को इक्वाडोर और पैराग्वे के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। 17 वर्षीय खिलाड़ी, जो अगले जुलाई में चेल्सी में शामिल होंगे, ने इस साल 19 ब्राजीलियाई सीरी ए खेलों में पांच गोल और पांच पाल्मेरास के लिए सकारात्मक प्रभाव डाला है। जैसी कि उम्मीद थी, मैनेजर डोरिवल जूनियर ने अपने 23 सदस्यीय दल में तीन रियल मैड्रिड फॉरवर्ड - विनीसियस जूनियर, रोड्रिगो और एंड्रिक को शामिल किया। स्टार फॉरवर्ड नेमार पिछले अक्टूबर में चोटिल हो गए थे, इसलिए वे खेल से दूर हैं। ब्राजील 6 सितंबर को क्यूरिटिबा में इक्वाडोर से और चार दिन बाद असुनसियन में पैराग्वे से भिड़ेगा। पांच बार का विश्व चैंपियन ब्राजील वर्तमान में छह मैचों के बाद 10-टीम दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग जोन में छठे स्थान पर हैं।

# शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से लिया संन्यास



■ धवन ने 68 मैच खेले और 27.9 की औसत से 1,759 रन बनाए, जिसमें 11 अर्द्धशतक शामिल हैं

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 38 वर्षीय शिखर धवन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर अपने संन्यास की घोषणा की।

धवन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा मैं एक ऐसे मुकाम पर खड़ा हूं, जहां जब मैं पीछे देखता हूं, तो मुझे केवल यादें और एक नया जीवन दिखाई देता है। भारत के लिए खेलना हमेशा से मेरा सपना था और मुझे इसे जीने का मौका मिला। मैं इसके लिए बहुत से लोगों का शुक्रगुजार हूं। सबसे पहले, मेरा परिवार, मेरे बचपन के कोच और फिर मेरी टीम जिसके साथ मैंने इतने सालों तक खेला। मुझे एक नया परिवार, शोहरत और प्यार मिला। लेकिन कहा जाता है कि आगे बढ़ने के लिए आपको पन्ने पलटने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा मैं अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। अपने क्रिकेट के सफर को अलविदा कहते हुए, मेरे दिल में शांति है। मैंने अपने देश के लिए बहुत खेला है। मैं खुद से यही कहता हूं कि आपको अपने देश के लिए दोबारा नहीं खेलने पर दुखी होने की जरूरत नहीं है, बल्कि खुश रहें कि आपको ऐसा करने का मौका मिला। अपने शानदार करियर में, धवन ने सभी प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन वनडे उनका पसंदीदा प्रारुप था। 167 मैचों में, बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया और 44.1 की औसत से 6,793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्द्धशतक शामिल हैं।

क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में, जहां उन्होंने मुरली विजय के साथ यादगार साझेदारियां कीं, धवन ने 34 मैचों में 40.6 की औसत से 2,315 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर में सात शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। टी20आई प्रारूप में, धवन ने 68 मैच खेले और 27.9 की औसत से 1,759 रन बनाए, जिसमें 11 अर्द्धशतक शामिल हैं। घरेलू सर्किट में, धवन ने 122 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच खेले और 44.26 की औसत से 8,499 रन बनाए, जिसमें 25 शतक और 29 अर्द्धशतक शामिल हैं। लिस्ट ए में, धवन ने 302 मैच खेले और 43.90 की औसत से 12,074 रन बनाए। उनके उल्लेखनीय आंकड़े 30 शतक और 67 अर्धशतकों से और भी जगमगाते हैं।

# भारत ने सर्फिंग में रचा इतिहास

## पहली बार एशियाई खेलों का कोटा किया हासिल

**थुलुसधू(मालदीव)/नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय सर्फिंग के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा, एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 में भाग लेने वाली टीम ने आगामी एशियाई खेलों 2026 के लिए अपना पहला कोटा हासिल कर लिया है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए एक-एक स्थान है।

ये कोटा चैंपियनशिप में भारतीय सर्फर्स द्वारा जमा किए गए रैंकिंग पॉइंट्स के आधार पर अर्जित किए गए हैं। किशोर कुमार, जो कल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, एक कड़े मुकाबले में मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन ने सुनिश्चित किया कि उनके देश ने एशियाई खेलों के लिए कोटा अर्जित किया। एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024, जो एशियाई खेलों 2026 के लिए एक क्वालीफायर भी है, में आठ भारतीय सर्फर्स ने 4 अलग-अलग




● किशोर कुमार ने अंडर-18 लड़कों की श्रेणी में एशिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ सर्फर्स के खिलाफ प्रतियोगिता में प्रवेश किया

श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की। अपने नाम कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताबों के साथ, दृढ़ निश्चयी किशोर कुमार ने अंडर-18 लड़कों की श्रेणी में एशिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ सर्फर्स के खिलाफ प्रतियोगिता में प्रवेश किया। वह हीट 2 सेमीफाइनल में 8.26 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे, चीन के चेंगझेंग वांग से ठीक पीछे, जिन्होंने 10.00 स्कोर कर- के दूसरा स्थान प्राप्त किया। जापानी सर्फर तारो ताकाई ने उसी हीट में 14.50 के स्कोर के साथ पहला स्थान प्राप्त किया।

किशोर कुमार, जो पहले राउंड 1, राउंड 3 और क्वार्टर फाइनल में पहले स्थान पर रहे थे, ने पूरे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। किशोर के बाद टूर्नामेंट में एक और सफल सर्फर हरीश मुथु ने भी अपनी छाप छोड़ी, क्योंकि वह एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए। हालांकि, वह एक कठिन मुकाबले में पिछड़ गए।

### भारतीय सर्फिंग ने आगामी एशियाई खेलों के लिए कोटा हासिल किया है : अरुण वासु



भारतीय सर्फिंग के लिए ऐतिहासिक दिन पर सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अरुण वासु ने कहा यह ऐतिहासिक दिन देखना वाकई बहुत खुशी की बात है, जब भारतीय सर्फिंग ने आगामी एशियाई खेलों के लिए कोटा हासिल किया है। यह उपलब्धि हमारे सर्फर्स, कोच और फेडरेशन की वर्षों की कड़ी मेहनत और दृढ संकल्प का प्रमाण है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अपने सर्फर्स को भविष्य में ओलंपिक में भी प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे। हालांकि अगर किशोर आज फाइनल में पहुंच जाता तो यह सोने पर सुहागा वाली बात होती, लेकिन उसकी उम्र, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को देखते हुए हमें अभी भी उस पर बहुत गर्व है।

### मनोज तिवारी ने वेस्ट दिल्ली लायंस के मालिक राजन चोपड़ा से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** अरूण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के पहले संस्करण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी को ईस्ट दिल्ली राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान वेस्ट दिल्ली लायंस को चीयर करते देखा गया। मनोज तिवारी ने वेस्ट दिल्ली लायंस के मालिक डॉ. राजन चोपड़ा और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली के साथ रोमांचक मैच का आनंद लिया। वेस्ट दिल्ली लायंस का सपोर्ट करने आए मनोज तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए टीम के मालिक डॉ. राजन चोपड़ा ने कहा मनोज तिवारी जी ने जिस तरफ से टीम का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं उसके लिए मैं उन्हें दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के उद्घाटन संस्करण की शुरूआत से पहले, वेस्ट दिल्ली लायंस टीम ने शिक्षा राज्य मंत्री और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय जयंत चौधरी से भी मुलाकात की थी। जिस दौरान केंद्रीय मंत्री चौधरी ने टीम की जर्सी का अनावरण करते हुए पूरी टीम को डीपीएल के लिए शुभकामनाएं दी थीं।

## पुरानी दिल्ली 6 के प्रिंस यादव ने पहली बार हैट्रिक लेकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली। एजेंसी**



अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के पहले संस्करण में पुरानी दिल्ली 6 के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया है। डीपीएल के फॉर्मेट में ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। उन्होंने यह उपलब्धि शुक्रवार को सेंट्रल दिल्ली किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में हासिल की। मैच के 18वें ओवर में, जब सेंट्रल दिल्ली किंग्स एक बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी, तब प्रिंस ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पहले केशव डबास को डीप में कैच आउट करवाया फिर अगली ही गेंद पर दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने सुमित कुमार को स्टंप के सामने फंसाया। इसके बाद तीसरी गेंद पर हरीश डागर को अपना शिकार बनाया, जो फुलटॉस चूक गए और गेंद स्टंप के सामने पैड पर जा लगी। अपनी उपलब्धि पर प्रिंस ने कहा हैट्रिक लेना किसी भी गेंदबाज के एक बड़ी उपलब्धि है। मेरे लिए भी खास पल है, हालांकि ऐसे में अगर हम मैच भी जीत जाते तो यह सोने पर सुहागा होता। उन्होंने आगे कहा डेथ ओवर में गेंदबाजी करना कभी भी आसान नहीं होता।

अंत में ओवरों में यॉर्कर लेंथ और धीमी गति की गेंदें एक अच्छा विकल्प होता है इसलिए मैं नेट्स पर इनका निरंतर अभ्यास करता हूं। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने पुरानी दिल्ली 6 को 109 रन से हराया। पुरानी दिल्ली 6 अब अपना अगला मुकाबला नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ खेलेगी।

## सत्र के पहले मैच में लीवरकुसेन ने मोंचेनग्लैडबाक को 3-2 से हराया

**बर्लिन। एजेंसी**



फ्लोरियन विट्र्ज. के अंतिम क्षणों में किये गए गोल की मदद से बायर लीवरकुसेन ने शुक्रवार को बोरूसिया मोंचेनग्लैडबाक को 3-2 से हराकर 62वें बुन्देसलीगा सत्र का आगाज किया। लीवरकुसेन ने मैच में शानदर शुरूआत की और 12वें मिनट में ग्रैनिट झाका ने 20 मीटर की दूरी से बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

इसके बाद 38वें मिनट में विट्र्ज. बहुत नजदीक से गोल कर लीवरकुसेन को 2-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक लीवरकुसेन की टीम 2-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद मोंचेनग्लैडबाक ने बेहतरीन वापसी की और मैच के 59वें मिनट में निको एल्वेदी और 85वें मिनट में टिम क्लीन्डिएन्स्ट ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। लीवरकुसेन ने जीत के लिए जोर लगाया और को इटाकुरा द्वारा अमीन आदिल को क्षेत्र में गिराए जाने पर उन्हें अंतिम समय में पेनल्टी दी गई, जिसे विट्र्ज. ने गोल में बदलकर लीवरकुसेन को 3-2 से जीत दिला दी।

# वाणिज्य

## उभरते भारत के लिए एमएसएमई के योगदान नकारा नहीं जा सकता : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को केवल एक छोटा उद्यम नहीं समझना चाहिए, इसकी सोच छोटी या नकारात्मक नहीं होनी चाहिए, क्योंकि एमएसएमई एक बड़ी ताकत है, वे सफल हैं, वे देश की ताकत हैं, लाखों देशवासियों को रोजगार दे रहे हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राजधानी नई दिल्ली में 10वें भारत अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई स्टार्टअप एक्सपो एवं शिखर सम्मेलन-2024 में अपने संबोधन में यह बात कही। गोयल ने कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश एमएसएमई को देश के बाहर से



अनुचित प्रतिस्पर्धा से भी बचाते हैं। वाणिज्य मंत्री ने एमएसएमई की चर्चा करते हुए कहा कि यह बड़े उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला हैं।

गोयल ने कहा कि नवोन्मेषी विचार और काम करने के नए तरीके एमएसएमई के उद्यमियों की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों और उद्यमों के इर्द-गिर्द पूरा पारिस्थितिकी तंत्र हजारों एमएसएमई से बना है, जिनके

● क्षेत्र का विकास देश के लिए महत्वपूर्ण है, सरकार के लिए इस पर ध्यान देने का विषय है

बिना वे सफल नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि एमएसएमई बड़े उद्योगों के आपूर्तिकर्ता और ग्राहक दोनों के रूप में कार्य करते हैं। गोयल ने बताया कि एमएसएमई देश के पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और भारत के निर्यात में इनका बड़ा हिस्सा है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र का विकास देश के लिए महत्वपूर्ण है और सरकार के लिए इस पर ध्यान देने का विषय है। उन्होंने कहा कि जब 140 करोड़ देशवासी राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए एकजुट होंगे, तो भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा और हम सभी के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं। गोयल ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसी) के माध्यम से सरकार एमएसएमई क्षेत्र का समर्थन कर रही है।

उन्होंने कहा कि हम एमएसएमई की जरूरतों को पूरा करने के लिए समय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को दो कारणों से लाभ होगा। क्यूसी देश के बाहर से अजीब दरों पर आयात किए जाने वाले घटिया सामानों को रोकते हैं और इस प्रकार एमएसएमई क्षेत्र को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाकर मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं कि कैसे क्यूसी ने अलग-अलग क्षेत्रों को लाभान्वित किया है।

### कच्चा तेल 79.02 डॉलर प्रति बैरल, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस हफ्ते के आखिरी दिन भी कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी रहा। इस बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंड क्रूड 1.80 डॉलर यानी 2.33 फीसदी की उछाल के साथ 79.02 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.82 डॉलर यानी 2.49 फीसदी की बढ़त के साथ 74.83 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## सर्राफा बाजार में दूसरे दिन गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**

जन्माष्टमी के पहले घरेलू सरार्फा बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट का रुख रहा। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये से लेकर 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 66,740 रुपये से लेकर 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी भी प्रति किलोग्राम 300 रुपये तक सस्ता हुआ है। कीमत में आई गिरावट की वजह से दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु 86,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इसी तरह



मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 72,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

### सिंहासन, मुकुट, बांसुरी, इत्र, पोशाक से सज चुके है काउंटर

# कल मनाया जाएगा जन्माष्टमी पर्व, सज चुका है बाजार

चमकता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (बाबू अगनानी,)** । आगामी सोमवार को मनाए जाने वाले कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की तैयारियां जोर शोर से जारी है।जन्माष्टमी के अवसर पर शहर के मंदिरों में कई आयोजन होंगे। मंदिर प्रबंधन ने जन्माष्टमी उत्सव की भव्य बनाने के लिए ठाकुरजी की पोशाक से लेकर आभषूण तक तैयार कर लिए है। दूसरी तरफ शहरवासी घरों में लड्डू गोपाल की पूजा करते है। बाजारों में कन्हैया की पौशाक, सिंहासन, पालने, उनके स्वरूप, खिलौने, बांसुरी, मालाएं, लटकन, ज्वैलरी सहित इत्र की भरमार है।कई दुकानदारों ने कान्हा की पोशाक, डिजाइनर बांसुरी व झूले बनाने के ऑर्डर तक लेने शुरू कर दिए हैं,ताकि लोगो की डिमांड के अनुसार, कान्हा जी के आभूषण व पौशाक तैयार करवाई जा सके। महिलाएं बाल गोपाल को निखारने के लिए जड़ीदार फ्लेवर, लहरियां बंधी की पोशाकें ज्यादा पसंद कर रही है। लड्डू गोपाल की पोशाक 50 से 4 हजार रूपए तक में मौजूद है। कोलकत्ता, मुम्बई, सूरत, मथुरा, वृंदावन व जयपुर लहरिया जैसी बंधेज की पोशाकों की डिमांड ज्यादा है।लड्डू गोपाल की पोशाक बाकायदा नाप से सिली जा रही है। शहरी क्षेत्र में निवास करने वाली कृतिका वैष्णव ने बताया कि कई लोग रंग-बिरंगी एवं रेशमी की मनपसंद पोशाक के लिए ऑर्डर कर रहे हैं। अभी तक कई ऑर्डर आ चुके है। इनमें



सात इंच से दो फीट की पोषाकों की डिमांड ज्यादा है।ठाकुरजी के लिए कई तरह के झूले व पालने भी बाजार में बिकने लगे है। पालने छोटे व धातु के बनाए जा रहे है, जबकि झूले लकड़ी व कपड़े के तैयार किए जा रहे है। बाजार में 500 से सात हजार रूपए तक के पालने व झूले उपलब्ध है। इस वर्ष मीनाकारी के पालने, राजकोट गुजरात के डिजाइनर झूले तथा मोरपंखी झूले व लकड़ी के झूलों की डिमांड ज्यादा है।इसी तरह ठाकुरजी के फ्लोवर , जड़ाऊ, पगड़ी, सूरत, मथुरा व मुम्बई के मुकुट खूब पसंद कर रहे है। ज्वैलरी , कंगन, पायल, झूमके, मोती माला, बाल, तिलक, बिंदी की डिमांड ज्यादा है। प्राकृतिक इत्र मे गुलाब, मोगरा, चंदन, बगीचा, वृंदावन, श्याम दरबार , बेला, मुरलीधर, खसखस है। यह इत्र 50 से 1100 रूपए तक बाजार में उपलब्ध है। लोगो की मांग रहती है कि इत्र व सेंट बनाने में प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल ज्यादा हो,ताकि शुद्धता की गारंटी मिले।यही नहीं इस वर्ष बाजार में विशेष तौर पर श्रीकृष्ण जी के आकर्षक झूले एवं बांसुरी के साथ उनके फोटो वाली मोटर साईकिल, चश्मा, मोबाईल, श्रीकृष्ण के प्रिय खिलौने भी बिक रहे है। दुकानदारों से यह पूछे जाने पर कि श्रीकृष्णजी के समय न तो मोटर साईकिल थी, और न ही मोबाइल। इस पर उनका कहना है कि वर्तमान में सब कुछ संभव है, और बड़ी कंपनियां कोई भी मौका छोड़ना नहीं चाहती है।इधर, कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर अब केवल दो दिन ही शेष रह जाने से नगर में कान्हा के स्वागत के लिए विभिन्न प्रकार की मूर्तियां बिकने लगी है नगर के विभिन्न इलाकों में कुंभकार व मूर्तिकारों द्वारा राधा कृष्ण ,लड्डू गोपाल की मूर्तियां तैयार की गई है। कई सार्वजनिक स्थानों पर कान्हा की झांकियां सजाई जाएगी। 9 इंच से लेकर तीन फीट तक की इस बार मूर्तियो का निर्माण किया गया है।एक ओर जहां शहर में कान्हा के जन्मोत्सव को लेकर विशेष तैयारियों चल रही है। हर गली मोहल्ले में कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर झांकियां के आयोजन होते है, वहीं घरो के साथ सार्वजनिक रूप से भी कृष्णजन्मोत्सव मनाया जाएगाशहर में विभिन्न स्थानों पर इन दिनों मिट्टी व प्लास्टर ऑफ पेरिस की कृष्ण की मुर्तियां तैयार की गई है। 100 रूपए से लेकर इस बार 1100 रूपए तक मूर्तियां बाजार में बिक रही है। कुल मिलाकर मंदिरों में साफ-सफाई कर देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को नई पोशाक, आभूषण पहनाने,मंदिरों को बिजली झालरों, फूल पत्तियों से सजाने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है, वहीं गली-मोहल्लों में मिट्टी , प्लास्टिक, पेरिस प्लास्टर आदि के खिलौनो से झांकियां सजाने की तैयारियों में बच्चे भाग दौड़ कर रहे है। मूर्तिकारों के अनुसार, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर अभी भी मिट्टी की मूर्तियों की बिक्री होना कम नहीं हुआ है। महंगाई और मिट्टी की कमी के चलते मूर्तियां महंगी होने के बावजूद लोग मिट्टी की मूर्तियों की मांग ज्यादा कर रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### डिप्टी सीएम से शिष्टाचार मुलाकात।



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल) 24 अगस्त।** राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से उनके आवास पर युवा रिवॉल्यूशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज चौधरी ने साथियों के संग शिष्टाचार मुलाकात की।इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज चौधरी , संगठन के सदस्य राकेश चौधरी एवं युवा नेता कमल मीणा ने डिप्टी सीएम को बुके भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की।इस अवसर पर चौधरी ने डिप्टी सीएम को बसई पंचायत के राजस्व गांव नांगड़ीवास, जाहिदपुरा, पेजूका, बसई की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें अस्पताल, सड़क, खेल ग्राउंड, पेयजल की समस्याएं मुख्य रही।चौधरी ने बसई में अस्पताल ( ढलउ ) , पेजुका में खेल ग्राउंड , नांगड़ीवास में सामुदायिक भवन तथा जाहिदपुरा राजकीय स्कूल में नया भवन बनवाने समेत प्रमुख मांगे की है।

### डॉ अरविंद मित्तल अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के पूर्वी राजस्थान के युवा जिला अध्यक्ष पद पर हुए मनोनीत



**चमकता राजस्थान।** कोटपूतली-बहरोड, (धर्मेंद्र बंसल) 24 अगस्त।कोटपूतली निवासी डॉक्टर अरविंद मित्तल को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के निर्देशानुसार, प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग की सहमति से, युवा अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिन्दल की अनुमति से एवं प्रदेशाध्यक्ष नितिन अग्रवाल के निर्देशानुसार तथा जिलाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल की अनुशंसा पर समाज में नई जिम्मेदारी दी गई डॉ मित्तल को पूर्वी राजस्थान का युवा जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया इस मनो नयन पर सभी अग्रवाल समाज के पदाधिकारीयों ने डॉक्टर मित्तल को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया।

### एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम का आयोजन होगा 31 को।



**चमकता राजस्थान। कोटपूतली - बहरोड (धर्मेंद्र बंसल) 24 अगस्त।** कोटपूतली, गो सेवा संगीतमय सुंदरकांड समिति, कोटपूतली के तत्वावधान में दिनांक 31 अगस्त 2024 को सायं 6:15 बजे से प्रभु इच्छा तक यहां के लक्ष्मी नारायण मंदिर, कृष्णा टाकीज के सामने, एक शाम गौ माता के नाम ( विशाल भजन संध्या ) कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जितेन्द्र जोशी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में भजन सम्राट, गौ ऋषि, तपस्वी संत श्री प्रकाश दास जी महाराज शिरकत करेंगे,और हर्षोल्लास एवं भक्तीमय रंगारंग धार्मिक सांस्कृतिक में भक्तिरस की मधुरम गंगा बहेगी अतः सभी भजन प्रेमियों को परिवार सहित पधारने के लिए सादर आमंत्रित किया जाता है।

## टाइनी टोडलर पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

### सामाजिक समरसता और विविधता में एकता ही हमारी पहचानः रुमाना नाजिब

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** दिनांक 24/8/24 को टाइनी टोडलर पब्लिक स्कूल, अशोक चौक, आदर्श नगर जयपुर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर टाइनी टोडलर पब्लिक स्कूल के पीआईजी ,नर्सरी एल. के. जी.कक्षा के नन्हें मुन्ने बच्चों ने विभिन्न तरह के वेश धारण कर शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुती देकर कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए!इस दौरान नौनिहालों ने कृष्ण, सुदामा, राधा कृष्ण सखा, वासुदेव जी को वेश धारण कर सबका मन मोह लिया। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाचार्य रुमाना नाजिब ने अपने संबोधन में बच्चों का हौंसला अफजाई करते हुए हमारी विश्व प्रसिद्ध गंगा- जमुनी





तहज़ीब और विविधता में एकता पर प्रकाश डाला इसके साथ ही श्रीकृष्ण के सकारात्मक उपदेशों संदेशों का बखान किया एवं स्कूल के छोटे-छोटे छात्र- छात्राओं ख़ासकर मासूम होनहार छात्रा सना सिदरा और उसकी पुरी टीम की सराहना करी कार्यक्रम के अंत में स्कूल की वरिष्ठ अध्यापिका कंचन मेम, रुबीना मेम,इफरा मेम सहित उपस्थित अध्यापिकाओं ने सभी बच्चों को चाकलेट व फल वितरण कर उनका हौंसला अफजाई कर उनका का मनोबल बढ़ाया तथा पढ़ाई के साथ- साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शैक्षणिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया

## संदेश चौधरी का अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष पद पर हुआ मनोनयन



चमकता राजस्थान

मनोहरपुर (खलील कुरैशी)!अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन अग्रवालों का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र संगठन है । सम्मेलन अनेक देशों में एवं सम्पूर्ण भारतवर्ष में प्रादेशिक एवं जिला इकाईयों के साथ-साथ इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए युवा समाजसेवी और कर्मठ, जमीनी स्तर सक्रिय एवं सम्मेलन के प्रति समर्पित साथी संदेश चौधरी मनोहरपुर को प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग की सहमति से, युवा अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिन्दल की अनुमति से एवं प्रदेशाध्यक्ष नितिनअग्रवाल के निर्देशानुसार अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान का युवा जिलाध्यक्ष (जयपुर ग्रामीण) मनोनीत किया जाता है।आशा है कि संदेश चौधरी जिलाध्यक्ष जयपुर ग्रामीण मनोनयन से सम्मेलन को और अधिक मजबूती मिलेगी एवं आप अपने पद की गरिमा के अनुरूप सदैव समाज हित में कार्य करेंगे।इस मनोनयन पर संदेश चौधरी को अग्रवाल समाज के गणमान्य,वरिष्ठ,युवा साथियों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन समिति के शीर्ष नेतृत्व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया

### बड़ी आमौली में सभा होगी आज

- पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन भाग लेगे

**हलैना (राजवीर सिंह)।** पूर्व सांसद और जिले के वरिष्ठ नेता पंड़ित रामकिशन वैर तहसील के ग्राम बड़ी आमौली में आयोजित किसानों की बैठक में हिस्सा लेगे।

किसान नेता और पूर्व जिला पार्षद इन्दल सिंह जाट ने बताया कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के तहत बाग गंगा नदी में पानी लाने की माँग सहित तमाम किसान वर्ग की समस्याओं पर विचार विमर्श करने के लिये यह बैठक होगी ।

इन्दल सिंह के अनुसार ग्राम आमौली बड़ी में 11 बजे आज रविवार को मीटिंग शुरु होगी। इस बैठक में नगला हरसुख, बिजबारी, छौकरबाड़ा, छोटी आमौली,मूड़िया साद,झालाटाला आदि गाँवों के किसान भाग लेगे ।

### कानून मंत्री जोगाराम पटेल के बेटे ने ए.ए.जी. "AAG" पद से इस्तीफा दिया 5 महीने पहले जोधपुर हाईकोर्ट में हुई थी नियुक्ति

- कांग्रेस ने विधानसभा में इस मुद्दे को लेकर किया था जोरदार हंगामा

**चमकता राजस्थान/जयपुर ।** कानून मंत्री जोगाराम पटेल के बेटे मनीष पटेल ने अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त होने के 5 महीने बाद अपना इस्तीफा दे दिया है। विधि विभाग ने 12 मार्च 2024 को पटेल को मुख्य पीठ जोधपुर में एएजी के पद पर निवक्ति दी थी। ननीष पटेल समेत हाईकोर्ट की नियुक्ति हुई थी। मनीष पटेल की नियुक्ति को लेकर विधानसभा में 5 अगस्त को हंगामा हुआ था। अब मनीष पटेल ने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसमें उन्होंने निजी कारणों का हवाला दिया है। मनीष पटेल ने बताया- उन्होंने काफी दिन पहले ही सीएम भजनलाल को अपना इस्तीफा दे दिया था। यह सूचना अब बाहर आई है। मनीष ने बताया कि वह इस पद पर कम्फर्ट महसूस नहीं कर रहे थे। इसलिए उन्होंने सीएम के पास जाकर पद से इस्तीफा दे दिया।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने लिखा- क्या कोई राजनीतिक दबाव आया कानून मंत्री के बेटे मनीष पटेल के एएजी के पद से इस्तीफा देने पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पर पोस्ट किया। जूली ने लिखा राजस्थान सरकार के विधिमंत्री जोगाराम पटेल जिनके पुत्र मनीष पटेल नको पहले तो गैर कानूनी तरीके से अतिरिक्त अधिवक्ता बनाया गया और जब इस बारे में हमारे द्वारा सवाल पूछा गया तो सरकार की तरफ से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।एएजी की 6-7 लाख रुपए महीने की इनकम अतिरिक्त महाधिवक्ता की महीने की करीब 6 से 7 लाख रुपए की आमदनी होती है। उसे फिक्स वेतन के रूप में सवा लाख रुपए मिलते हैं। वही प्रति केस 5 हजार रुपए पैरवी के भी मिलते हैं। एएजी को एक दिन में अधिकतम 5 केसेज में पैरवी पैरवी का भुगतान किया जा सकता है। ऐसे में प्रतिदिन 25 हजार रुपए पैरवी के फिक्स वेतन से अलग मिलते हैं। वहीं हर नया केस पेश करने पर ड्राफ्टिग के 5 हजार रुपए देय होते हैं। इसके अलावा हाईकोर्ट में चैंबर, स्टाफ और स्टेशनरी का पूरा खर्चा राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाता है। राज्य सरकार ने 12 मार्च को आदेश जारी करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ताओं की नियुक्ति की थी।

### बाड़मेर जिले में थाना सेड़वा पुलिस की कार्रवाई | दो आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त एर्टिगा कार जब्त

# फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट के साथ लूट की तीन वारदातों का किया खुलासा

चमकता राजस्थान

जयपुर/बाड़मेर (खलील कुरैशी) 24 अगस्त। जिले की सेड़वा थाना पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के कुंदनपुरा इलाके में फाइनेंस कर्मी के साथ हुई लूट की घटना का खुलासा कर घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक एर्टिगा कार जप्त की है। आरोपियों की गिरफ्तारी से थाना बाखासर व धोरीमना में हुई लूट की वारदात का भी खुलासा हुआ है।जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह मीना ने बताया कि 13 अगस्त भारत फाइनेंस धोरीमना के फील्ड असिस्टेंट इरफान ने थाना सेड़वा पर रिपोर्ट दर्ज करवाई की वह आज गांव बीजासर से 5,80,548 लोन की रकम का कलेक्शन कर बैंक में जमा कराने सेड़वा लौट रहा था। रास्ते में गांव



कुन्दनपुरा एनएच 925 पर पिछे से आई एक कार में सवार अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी बाइक को टक्कर मार कर रुकवाया। डरा-धमकाकर कलेक्शन की राशि, मोबाईल, टेब, बायोमेट्रिक मशीन लुटकर ले गये हाईवे पर हुई लूट की वारदात को गंभीरता से लेते हुए एसपी मीना द्वारा एसएचओ दीपसिंह के नेतृत्व मे गठित की गई टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरो की फुटेज,तकनीकी साक्ष्य, मुखबिरों से संकलित साक्ष्य का संकलन कर कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए लूट की वारदात में प्रयुक्त वाहन इर्टीगा कार को ट्रेस किया।इसके बाद लूट की वारदात करने वाले अज्ञात मुलजिमों को ट्रेसआउट कर मुलजिम धर्मेन्द्र कुमार मीना पुत्र बांधर व सुभाष जाट पुत्र रूघनाथ निवासी सिमारला जागीर थाना श्रीमाधोपुर जिला नीम का थाना को दस्तयाब कर वारदात मे प्रयुक्त इर्टीगा कार जब्त करने मे सफलता हासिल की गई। घटना मे शरीक अन्य मुलजिमो की तलाश पतारसी की जा रही है गिरफ़्तार मुल्जिम धर्मेन्द्र कुमार मीना व सुभाष जाट को पुलिस अभिरक्षा मे लिया जाकर लुटी गई राशी बरामदगी के प्रयास जारी है। मुलजिमों से अब तक की पूछताछ से पुलिस थाना बाखासर व धोरीमना मे रूपये लूटने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। उक्त लुट की वारदात का खुलासा करने मे देरामाराम व जयराम की मुख्य भुमिका रही।

### लूट की अन्य वारदातो का खुलासा

» पुलिस थाना बाखासर के सरहद सावलासी मे 12 जनवरी को भारत फाईनेंस लिमिटेड धोरीमना के संगम मैनेजर आशीफ खान के साथ तथा थाना धोरीमन्ना के सरहद नेडी नाडी में 28 मई को भारत फाईनेंस लिमिटेड धोरीमना के राकेश बगडिया से अज्ञात मुलजिमों द्वारा नकद रूपये लूटने की घटना का भी पर्दाफाश किया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929